राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 260, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 03 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


लोकसभा चुनाव से पहले चार और आप नेताओं की होगी गिरफ़्तारी : आतिशी .... पेज 03

बिजनेसमैन के नाबालिग बेटे ने 2 महिलाओं को रौंदा, मौत .... पेज 05

17 अप्रैल को रामनवमी, कोलकाता पुलिस के कहने पर मैच एक दिन पहले .... पेज 07


## अंतरराष्ट्रीय मीट कारोबारी के बंगले में लगी आग, दो बेटियों ने तोड़ा दम

### सदर बाजार थाना पुलिस ने दोनों लड़कियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सदर बाजार इलाके में मंगलवार दोपहर अंतरराष्ट्रीय मीट कारोबारी के घर में आग लग गई। हादसे में मीट कारोबारी की दो बेटियों की हादसे में मौत हो गई। इनकी पहचान गुलआशना (15) और अनाया (13) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल और एंबुलेंस की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं।

आलीशान बंगले के ग्राउंड फ्लोर पर बने थियेटर में आग लगी थी। आग लगते ही संट्रेलाइज्ड एसी डक्ट की वजह से पूरे घर में धुंआ भर गया।



कारोबारी की पत्नी और चार नौकरों ने तो किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, लेकिन उनकी दोनों बच्चियां पहली मंजिल के बाथरूम में फंस गईं।

आग बुझाने के दौरान दमकलकर्मी मास्क लगाकर अंदर घुसे। बाद में एक-एक कमरे की तलाशी लेने पर दोनों बच्चियां बाथरूम में अचेत मिलीं। अस्पताल ले जाने पर उनको मृत घोषित कर दिया गया। सदर बाजार थाना पुलिस ने दोनों लड़कियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि एसी में हुए शार्ट सर्किट के बाद घर में बन थियेटर में आग लगी। इसके बाद आग पूरे घर में फैल गई। हादसे में एक ही परिवार की दो बच्चियों की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था।

पुलिस के मुताबिक हादसा मंगलवार दोपहर करीब 2.07 बजे कुरैश नगर के चमेलियान रोड पर हुआ। यहां सी-366 में मीट कारोबारी हाजी मोहम्मद सालिम शब्बो कुरैशी परिवार के साथ रहते हैं। करीब 750 गज जमीन में इन्होंने दो मंजिला आलीशान बंगला बनाया हुआ है। यहां परिवार के अलावा इनके नौकर भी रहते हैं।

सालिम का कई देशों में मीट निर्यात का कारोबार है। इनके परिवार में पत्नी गुलिस्तां कुरैशी के अलावा बेटा शारिक, खिजर, दो बेटी गुलआशना और अनाया थे। पिछले कुछ दिनों से कारोबार के सिलसिले में सालिम दुबई गए हुए थे। घर में पत्नी और बच्चे मौजूद थे। मंगलवार दोपहर को अचानक ग्राउंड फ्लोर पर बने इनके थियेटर से धुंआ उठने लगा।

## मोदी ने उत्तराखंड की जनता से किया मुफ्त बिजली देने का वादा

रूद्रपुर/नैनीताल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में मंगलवार को उत्तराखंड की जनता को मुफ्त बिजली देने का वादा किया। मोदी ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि तीसरे कार्यकाल में आपका यह बेटा आपके लिये एक और बड़ा काम करना चाहता है। वह चाहते हैं कि प्रदेश की जनता को 24 घंटे मुफ्त बिजली मिले। बिजली का बिल शून्य हो और कमाई भी हो। उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। सरकार इस योजना के तहत सोलर लगाने पर



मदद दे रही है। उन्होंने जनता का आह्वान किया कि सोलर से बिजली उत्पन्न कीजिये। उन्होंने विश्वास दिलाया कि घर के उपयोग के बाद जो बिजली बचेगी उसे सरकार खरीदेगी भी। उन्होंने प्रदेश की जनता से योजना का लाभ लेने को कहा। उन्होंने कहा कि योजना शुरू कर दी गयी है और आवेदन पत्र भरिये और लाभ लीजिए।

## 'आप' सांसद संजय सिंह को जमानत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने श्री सिंह की जमानत अर्जी मंजूर की। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद



कहा, हम संजय सिंह को जमानत दे रहे हैं। मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें रिहा किया जाएगा। वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं। अदालत ने हालांकि श्री सिंह से कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े किसी भी मुद्दे पर कोई टिप्पणी न करें।

शीर्ष अदालत के समक्ष केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपना रुख नरम करते हुए कहा कि सिंह को जमानत दी जाती है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।

ईडी ने चार अक्टूबर 2023 को श्री सिंह को गिरफ्तार किया था। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### सोपोर में तीन आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर कस्बे में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार का उनके पास से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने फरूट मंडी में जांच अभियान चलाया, जहां से तीनों संदिग्ध भागने का प्रयास कर रहे थे।

### ईडी ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में मोइत्रा को जारी किया नोटिस


नयी दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय पूर्व सांसद एवं पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर संसदीय क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा को नोटिस जारी किया है। ईडी ने यह नोटिस पैसे लेकर सवाल संसद में पूछने के मामले में जारी किया है। गौरतलब है कि इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पहले ही मोइत्रा के खिलाफ मामला दर्ज कर रखा किया है और जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि मोइत्रा पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर संसद में सवाल पूछने का आरोप है। भारतीय जनता पार्टी सांसद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने दावा किया था कि ये सबूत वकील जय अनंत देहादराई द्वारा प्रदान किए गए थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में दुबे ने कहा था कि उन्हें वकील एवं मोइत्रा के पूर्व दोस्त जय अनंत का एक पत्र मिला है, जिसमें उन्होंने मोइत्रा और जाने-माने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के बीच सवाल पूछने के लिए रिश्वत के आदान-प्रदान के सबूत साझा किए हैं। इसके आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि मोइत्रा ने संसद में उनके द्वारा पूछे गए 50 प्रश्न दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों को बचाने के लिए थे।

### 'कल्पना बनाम सच्चाई': फर्जी खबरों के विरुद्ध चुनाव आयोग का ऑनलाइन रजिस्टर

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने नयी लोकसभा चुनने के लिए इस समय जारी प्रक्रिया में फर्जी खबरों और सूचनाओं से निपटने के लिए मंगलवार को 'कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' नाम से एक नया सावर्जजनिक ऑनलाइन रजिस्टर शुरू किया है। इस रजिस्टर को अद्यतन फैक्ट-चेक (तथ्यों की जांच) में उजागर नकली सूचनाओं और आयोग द्वारा चुनाव संबंधी विषयों में समय-समय पर जारी की जाने वाली सामान्य प्रश्नोत्तरी (एफएक्यू) को शामिल करने के लिए नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने साथी दोनों चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में आयोजित एक समारोह में चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर इस रजिस्टर का उद्घाटन किया । आयोग ने कहा है कि कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

## छत्तीसगढ़ में 10 नक्सली ढेर

### मरने वालों में एक महिला नक्सली भी; एलएमजी, एके-47 जैसे ऑटोमैटिक हथियार बरामद



बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जवानों ने मंगलवार को मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें एक महिला नक्सली भी है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में नक्सली कमांडर पापाराव के मारे जाने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सुबह छह बजे से रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। जवानों ने नक्सलियों के पास से एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि कोरचोली और लेंड्रा के जंगल में भारी संख्या में गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सली मौजूद हैं।

इस पर बीजापुर से DRG, CRPF, कोबरा, बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन और सीएएफ के जवानों को सोमवार रात संयुक्त ऑपरेशन पर रवाना किया गया था।

#### नक्सलियों के कोर इलाके में मुठभेड़

मंगलवार सुबह करीब 6 बजे जवान जब गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंचे तो मुठभेड़ हो गई। नक्सलियों ने जवानों को निशाना बनाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। इस पर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

#### अभी भी जंगल में छिपे हुए हैं नक्सली

सुबह 45 से 50 मिनट तक दोनों ओर से फायरिंग हुई। इसके बाद फायरिंग रुकी तो जवानों ने सर्चिंग शुरू की, लेकिन बताया जा रहा है कि नक्सली अभी भी वहां मौजूद हैं। सुबह जवानों ने 4 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए थे। दोपहर तक 4 और नक्सलियों के शव मिले हैं। शाम करीब 6 बजे 2 और शव बरामद किए गए।

गृहमंत्री बोले- नक्सलियों के पास एलएमजी मिलना चिंता का विषय

छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर में कहा कि नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। अभी मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। नक्सलियों के पास एलएमजी जैसे हथियारों का होना चिंता का विषय है। उनके पास ये कहां से आ रहा है।

#### बीजापुर में पहले चरण में है मतदान

आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि फिलहाल जवान मौके पर ही मौजूद हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस घटना के साथ, इस साल अब तक बीजापुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में अलग-अलग मुठभेड़ों में 37 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण का मतदान होगा।

#### 7 दिन में 17 माओवादी ढेर

बस्तर में नक्सलियों का टीसीओसी महीना चल रहा है। नक्सलियों के इस महीने में फोर्स हावी है। पिछले 7 दिनों के अंदर कुल 17 माओवादियों को ढेर किया गया है। जिसमें 16 नक्सली बीजापुर और एक को सुकमा में मारा गया है।

## चित्रकूट में डंपर और ऑटो की टक्कर, 7 की मौत

### ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा; क्रेन से किया गया रेस्क्यू

एजेंसी

चित्रकूट। चित्रकूट में मंगलवार सुबह ऑटो और डंपर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 7 की मौत हो गई, जबकि 1 की हालत गंभीर है। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हादसा साढ़े 5 बजे कर्वी मुख?यालय से सटे अमानपुर गांव के पास हाईवे पर हुआ।

दरअसल, ऑटो किसी गाड़ी को ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रही डंपर से टकरा गया। दोनों की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद ऑटो पिचक गया। कुछ लोग गाड़ी में फंस गए, तो कुछ छिटक कर हाईवे पर



गिर गए। सभी खून से लथपथ थे।

मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हाईवे पर पड़े लोगों को अस्पताल भेजा। जबकि ऑटो में फंसे लोगों को क्रेन की मदद से निकाला गया। इस दौरान मौके पर ही 3 की मौत हो गई। जबकि 4 ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

#### कर्वी रेलवे स्टेशन से चित्रकूट जा रहे थे

लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह ट्रेन से कुछ श्रद्धालु कर्वी रेलवे स्टेशन पर उतरे। इसके बाद वह ऑटो से चित्रकूट जा रहे थे। ऑटो में ड्राइवर समेत 8 लोग सवार थे। मृतकों में एक युवती समेत 7 लोग हैं। मृतकों में तीन लोग अखिलेश (30) और अनिरुद्ध (22), अतर सिंह (50) कन्नौज के रहने वाले थे। वहीं दो लोग युवती निधि सोनी (19) और उसका भाई धर्मेंद्र सोनी (30) हमीरपुर की रहने वाले थे।

वहीं ऑटो ड्राइवर निर्भय निवासी चित्रकूट और अहमदगंज निवासी प्रेमलाल का 17 वर्षीय बेटे सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

#### घायल गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर

एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया, घायलों में सुमित शामिल है। हादसे के बाद ट्रक को छोड़कर चालक भाग गया है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

## रेत खनन : तमिलनाडु के पांच जिला कलक्टरों को सुप्रीम कोर्ट ने दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने रेत खनन के मामले में मंगलवार को तमिलनाडु के पांच जिला कलेक्टरों को व्यक्तिगत रूप से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष 25 अप्रैल तक उपस्थित होकर केंद्रीय जांच एजेंसी के समन का जवाब देने का अंतिम अवसर दिया और चेतावनी देते हुए कहा कि आदेश का पालन नहीं होने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के सामने उन जिला कलेक्टरों के पेश नहीं होने पर आपत्ति जताई।

पीठ ने कहा कि उनके पेश नहीं होने से पता चलता है कि अधिकारियों



मन में न तो अदालत और न ही कानून का सम्मान है, भारत के संविधान का तो बिल्कुल भी सम्मान नहीं है।

शीर्ष अदालत ने इस संबंध में मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुनवाई करते ये टिप्पणी की और आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने जिला कलेक्टरों के खिलाफ जारी ईडी के समन पर रोक लगा दी थी। पीठ ने चेतावनी देते कहा कि वे रेत खनन मामले में समन का जवाब देने के लिए ईडी के समक्ष पेश होने के उसके निर्देश का पालन करने में विफल हुए तो उनका कोई भी लापरवाहपूर्ण रवैया उन्हें मुश्किल स्थिति में डाल देगा।

पीठ ने कहा,इस तरह के दृष्टिकोण की कड़ी निंदा की जाती है। हमारी राय में इस तरह का उदासीन दृष्टिकोण, उन्हें एक कठिन परिस्थिति में डाल देगा।

जब अदालत ने उन्हें ईडी द्वारा जारी समन के समक्ष में पेश होकर जबाव देने का निर्देश दिया था तो उनसे अदालती आदेश का पालन करने की उम्मीद की गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव का माफीनामा किया खारिज, 10 अप्रैल को पेश होने का आदेश

नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया। अदालत ने कहा कि एक हफ्ते में जवाब दाखिल कीजिए। अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। अदालत ने कहा कि सुनवाई पर रामदेव और बालकृष्ण मौजूद रहें।

सुनवाई के दौरान रामदेव के वकील बलवीर सिंह ने कोर्ट से कहा कि योगगुरु माफी मांगने के लिए यहां मौजूद हैं। भीड़ की वजह से कोर्टरूम नहीं आ पाए। अदालत ने एफिडेविट देखने के बाद फटकार लगाई और कहा कि यह प्रॉपर एफिडेविट नहीं है।

जब बलवीर सिंह ने माफीनामा



पढ़ा तो अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आदेशों का उल्लंघन करने वाला माफी मांगता है। हमें रामदेव के वकील का माफीनामा नहीं सुनना।

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने कहा, हम दोनों के खिलाफ झूठी बयानबाजी का केस चलाने का निर्देश रजिस्ट्रार को देते हैं।अदालत ने बलबीर सिंह से कहा- आप तैयार रहिएगा। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद रामदेव और बालकृष्ण कोर्ट रूम पहुंचे और रामदेव ने बिना शर्त माफी मांगी।

बेंच ने कहा, सुप्रीम कोर्ट नहीं, देश की हर अदालत के आदेश का सम्मान होना चाहिए। आपको अदालत के निर्देशों का पालन करना था और आपने हर सीमा लांघी।

अदालत ने कहा कि जब पतंजलि हर कस्बे में जाकर कह रही थी कि एलोपैथी से कोविड में कोई राहत नहीं मिलती तो केंद्र ने अपनी आंखें क्यों बंद कर रखी थीं।

सही एफिडेविट फाइल ना करने पर केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। मेहता ने रामदेव और पतंजलि के वकीलों को सहयोग करने की पेशकश की।

### सड़क हादसा

**बस में 40 बच्चों के अलावा 6 टीचर और स्टाफ सवार थे।**

## बाराबंकी में बस पलटी, 4 बच्चों समेत 5 की मौत, 25 घायल

बाराबंकी। बाराबंकी में मंगलवार शाम तेज रफ्तार स्कूली बच्चों से भरी बस पलट गई। हादसे में 4 बच्चों समेत 5 की मौत हो गई। 25 बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने शीशा तोड़कर बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला।

जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। घायल बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा बाराबंकी के देवा थाना क्षेत्र के सलारपुर में हुआ।

मंगलवार (2 अप्रैल) को



सूरतगंज कस्बे के कंपोजिट स्कूल के बच्चे लखनऊ चिड़ियाघर पिकनिक मनाने गए थे। लौटते समय बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। बस में 40 बच्चों के अलावा 6 टीचर और स्टाफ सवार थे।

#### बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद पलटी बस

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, बस लखनऊ से बच्चों को लेकर आ रही थी। वहीं एक बाइक सवार विशुनपुर से देवा जा रहा था। पहले बस ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारी। इससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसा बहुत भयानक था। चीख पुकार मच गई। हम लोग यहीं बैठे थे। सभी लोग बचाने दौड़े। बाइक वाला अकेला था। वो बचा नहीं है।

#### बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटी बस-एएसपी

एएसपी सीएन सिन्हा ने बताया, आज शाम लगभग साढ़े पांच- पौने छह बजे के बीच हादसा हुआ है। 40 बच्चे टीचर्स के साथ एक बस से लखनऊ पिकनिक के लिए गए थे। वहां से लौटते समय देवा से फतेहपुर के पास सगारपुर में अचानक एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बस हादसे का शिकार हो गई। घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है। सीएचसी में भी घायलों का उपचार किया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

स्कूल के टीचर दीपक यादव ने बताया कि हम लोग बच्चों को लेकर आज सुबह शैक्षिक भ्रमण के लिए निकले थे।

लखनऊ चिड़ियाघर घुमाने के बाद हम लोग वहां से लौट रहे थे। अचानक बस, एक बाइक को बचाने में रोड पर ही पलट गई। बस में 40 बच्चे और 6 लोगों का स्टाफ था।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 03 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### तीन महीनों में 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन

श्रीनगर। इस साल के पहले तीन महीनों (जनवरी से मार्च) में 19 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित श्री माता वैष्णो देवी के पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन किए। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि इस साल जनवरी से मार्च तक 19 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किये। जबकि पिछले साल इसी अवधि में 18,33,266 श्रद्धालुओं ने माता के दरबार के दर्शन किये थे। पिछले साल इसी अवधि की तुलना में इस साल 77,838 से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के भवन के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि पिछले साल जनवरी, फरवरी और मार्च में क्रमशः 5,24,184, 4,14,432 और 8,94,650 श्रद्धालुओं की तुलना में इस साल जनवरी में 6,16,609, फरवरी में 4,32,925 और मार्च में 8,61,570 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में माँ के दरबार के दर्शन किए हैं। वर्तमान में प्रतिदिन 25 से 35 हजार के आसपास श्रद्धालु माता देवी के दर्शन के लिये कटरा पहुंच रहे हैं और नौ से 17 अप्रैल तक नवरात्र के दौरान और मई के मध्य में गर्मियों की छुट्टियां पड़ने पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जतायी गयी है।

### कर्नाटक ने सूखा राहत मांगने में तीन महीने की देरी की

बेंगलुरु। कर्नाटक में सूखा राहत देने में देरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच चल रहा विवाद मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से और बढ़ गया है। शाह ने दावा किया कि कर्नाटक सरकार ने तीन महीने देरी प्रस्ताव प्रस्तुत के कारण राहत वितरण में देरी हुयी है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक सूखे से ग्रस्त है। केंद्र को प्रस्ताव तीन महीने की देरी से सौंपा गया था। आज, सूखा राहत जारी करने की केंद्र की याचिका चुनाव आयोग के पास अटक गई है। फिलहाल, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने पुष्टि की कि कर्नाटक सूखा घोषित करने और मुआवजे की मांग करने वाला पहला राज्य है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने पहले इस मामले पर शाह की आलोचना की है और सूखे की स्थिति के दौरान सहायता प्रदान नहीं करने पर कर्नाटक में वोट मांगने के उनके नैतिक अधिकार पर सवाल उठाया है। इसके अलावा, शाह ने कर्नाटक सरकार पर लोगों के कल्याण को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि जहां सिद्दारामैया अपनी सीट बरकरार रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार उन्हें कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे।

### 32 हजार बल्क लीटर अवैध शराब जब्त

शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान आरम्भ किया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त डॉ. यूनुस ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग ने एक सघन अभियान के दौरान जिला बिलासपुर जिला के दबट व माजरी इत्यादि क्षेत्रों में तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब की 10 भट्ठियों पर कार्रवाई की। पंजाब के आबकारी विभाग के साथ की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 18000 बल्क लीटर लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि जिला ऊना की आबकारी विभाग की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में 13,730 बल्क लीटर शराब बरामद की है। आबकारी आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए निरन्तर कार्रवाई की जा रही है। गत दिनों विभाग की टीम ने पंजाब राज्य की आबकारी टीम व पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई कर क्षेत्र के छन्नी व बेली इंदौरा में लगभग 54,200 लीटर कच्ची शराब बरामत कर नष्ट की, जिसकी कीमत लगभग 54.20 लाख रुपये आंकी गई है। विभाग ने गत दिनों मंडी के नेरचौक से जोगिन्दरनगर गैर कानूनी रूप से ले जाई जा रही 500 पेटियां अंग्रेजी शराब तथा 50 पेटियां बीयर भी बरामद कीं।

### पोलिंग बूथ दरभंगा पोर्टल का हुआ शुभारंभ

दरभंगा। बिहार में दरभंगा लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित सभी जानकारी को प्राप्त करने लिए आज 'पोलिंग बूथ दरभंगा' पोर्टल का शुभारंभ हुआ। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन ने मंगलवार को राष्ट्रीय सूचना केंद्र के दरभंगा कार्यालय से पोलिंग बूथ दरभंगा पोर्टल नाम से नया ऐप का लोकार्पण किया। इस ऐप के माध्यम से कोई भी मतदाता कहीं से भी बैठे-बैठे अपने मतदान केंद्र की संख्या, मतदाता क्रमांक, मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा, अधिकारियों का मोबाइल नंबर आदि सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से दरभंगा जिले के निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित कोई भी मतदाता कहीं से भी बैठे-बैठे अपने मतदान केंद्र की संख्या, मतदाता क्रमांक, मतदान केंद्र पर आधारभूत सुविधा, अधिकारियों का मोबाइल नंबर आदि सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल का उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदान केंद्र पर कोई भी मतदाता या मतदान कर्मी गूगल मैप की सहायता से वहां पर जा भी सकेंगे। यह पोर्टल सभी मतदाताओं के लिए अति उपयोगी है।

### बिजली चोरी की सूचना देने वालों को मिला दो लाख रुपये का पारितोषिक

भोपाल। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब तक दो लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत-प्रतिशत वसूली की गई थी। इस पर लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गई है। बिजली कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा.संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर बिल की राशि के 10 प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।

### पचास हजार रुपए का इनामी डकैत जंडेल गुर्जर पुलिस मुठभेड़ के बाद जंगल से गिरफ्तार

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के ग्वालियर पुलिस ने पचास हजार रुपये के अंतर्राज्यीय इनामी डकैत को मुठभेड़ के बाद सिगौरा के जंगलों से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की गिरफ्त में आये डकैत पर ग्वालियर जिले के थाना पनिहार, घाटीगांव, भंवरपुरा तथा जिला मुरैना के थाना दिमनी, निरार, सरायछोला एवं राजस्थान के थाना सुसेड़ जिला करौली, जिला नागौर, थाना दिहोली एवं कोतवाली जिला धौलपुर में लूट, डकैती, दुष्कर्म, आर्म्स एक्ट एवं नकबजनी के करीब दो दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने डकैत को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने आज बताया कि मध्यप्रदेश और राजस्थान में आतंक फैलाने वाला इनामी डकैत जंडेल सिंह गुर्जर निवासी ग्राम रिठौरा थाना सरायछौला जिला मुरैना को पुलिस ने सिगौरा के जंगलों से पकड़ा है। उन्होंने बताया कि उन्हें जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि इनामी डकैत सिगौरा के जंगलों में देखा गया है। सूचना मिलते ही डकैत को घेरने के निर्देश दिये। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने जब डकैत को हिरासत में लेकर उसकी तलाश ली तो उसके पास से दैनिक उपयोग की सामग्री मिली। पुलिस पूछताछ में उसने स्वयं का नाम जण्डेल सिंह गुर्जर बताया।

# नोएडा एयरपोर्ट से हटाए जाएंगे 600 पेड़

## एयरपोर्ट में जल्द ही विमानों का ट्रायल शुरू किया जाएगा

**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से विमानों की उड़ान 29 सितंबर से प्रस्तावित है। ऐसे में यमुना प्राधिकरण ने विमानों की सफल उड़ान और लैंडिंग में बाधा बनने वाली खामियों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सर्वे में एयरपोर्ट परिसर और बाहर 26 स्थान चिह्नित गए हैं, जहां बड़े पेड़ उड़ान और लैंडिंग में बाधा बन सकते हैं। अब इन्हें पेड़ों को वहां से स्थानांतरित किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।




यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट में जल्द ही विमानों का ट्रायल शुरू किया जाएगा। ट्रायल में देखा जाएगा कि विमानों की उड़ान और लैडिंग में क्या मुश्किलें आ रही हैं या आ सकती हैं। प्रथम दृष्टया जांच में अब तक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सर्वे में करीब 600 पेड़ों के अड़चन बनने की बात सामने आई है। यह सर्वे 23 नवंबर से आठ दिसंबर तक चला था।

सर्वे में यह भी पाया गया कि एयरपोर्ट के उत्तरी छोर की रोड से वाहनों की आवाजाही रहेगी। इस रोड से चार मीटर से ऊंचे वाहन नहीं गुजर पाएंगे। अगर इससे ऊंचे वाहन गुजरते हैं तो हवाई जहाज के उड़ान और लैंडिंग में दिक्कत आ सकती है। इसके चलते अब इस रोड पर बैरियर लगाए जाएंगे, ताकि तय ऊंचाई के वाहन ही निकल सकें। इस काम को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा, ताकि एयरपोर्ट संचालन से पहले सारी बाधाएं दूर की जा सकें।

एयरपोर्ट की चारदीवारी के बाहर 600 यूकेलिप्टस के पेड़ विमानों की उड़ान और लैंडिंग में दिक्कत के कारण हटाया जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण ने इन्हें यहां से दूसरी जगह शिफ्ट करने की रणनीति बना ली है। इसके लिए वन विभाग के अफसरों के साथ बैठक की जा रही है। अप्रैल में इन 600पेड़ों को हटाकर इनके बदले में प्राधिकरण की 6000 पौधे लगाने की तैयारी है। इससे बाधाएं दूर हो जाएंगी। साथ ही, पर्यावरण पर भी प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### एक रनवे पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुका

इन बाधाओं को दूर करना इसलिए भी जरूरी है कि उड़ान से पहले ट्रायल होना है।

एक रनवे पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। ऐसे में उड़ानों का ट्रायल कभी भी हो सकता है, इसको देखते हुए पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। प्रथम चरण में एयरपोर्ट से 50 से 60 विमानों की उड़ान प्रतिदिन रहेगी।

# प्लॉट दिलाने की आड़ में 46 लाख ठगे

नोएडा। भूखंड दिलाने के नाम पर 46 लाख रुपए हड़पने के मामले में 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। सेक्टर-66 में रहने वाले विकास ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके चाचा ब्रज गोपाल के जरिए 3 साल पहले गाजियाबाद के विजयनगर में रहने वाले अमित राजपूत, फुरकान, वाहिद अली, उसके बेटे वसीम और बुलंदशहर निवासी रोहित वर्मा से संपर्क हुआ। सभी ने बताया कि उसके साथी अनादिल, रिक्की, मोहम्मद फिरोज और मनीराम के पास गढ़ी चौखंडी में 400 वर्ग गज का प्लॉट है।

प्लॉट की मूल मालकिन बुलंदशहर की परमेश्वरी देवी है। प्लॉट उन लोगों के परिचित रिक्की, मोहम्मद फिरोज, चमन देवी, अनादिल ने खरीदा हुआ है। आश्वासन दिया कि यह प्लाट सस्ते में मिल जाएगा और परमेश्वरी देवी से ही सीधे प्लाट का बैनामा करा देंगे। 400 वर्ग गज के प्लाट का सौदा 46 लाख रुपए में तय हुआ। 10 फरवरी 2023 को 100-100 वर्ग गज के भूखंड का बैनामा करा लिया। 46 लाख रुपए चेक से दे दिए।

चार लाख रुपए स्टांप व बैनामों की रसीद कटवाने में खर्च हो गया। बाद में शिकायतकर्ता को पता चला कि आरोपियों ने फर्जी तरीके से परमेश्वरी नाम की महिला बनाई और नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण की गई जमीन को उसका बताकर बेच दिया।

इस मामले में न्यायालय के आदेश पर अनादिल, रिक्की, मोहम्मद फिरोज, चमन देवी, मनीराम, अमित राजपूत, फुरकान, रोहित वर्मा, बाबी ठाकुर, परमेश्वरी देवी और वसीम के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# अश्लील वीडियो बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 थाना पुलिस ने एक बड़े ही शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनका गिरोह मोबाइल फोन पर वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बना लेता था और उसके बाद दबाब बनाने के लिए वीडियो वायरल करने की धमकी देता था और उन लोगों से पैसे ऐंठ लेते थे। ग्रेटर नोएडा में इन लोगों के भय से एक एलएलबी के छात्र ने कुछ दिन पहले ही आत्महत्या कर ली थी।

दरअसल, बीटा 2 थाना क्षेत्र में 22 मार्च की रात्रि में सिग्मा 4 में रहने वाले शिवांश महेन्द्रा के मोबाईल फोन पर विडियो कॉल के दौरान अश्लील विडियो बनाकर विडियो वायरल करने की धमकी देकर अवैध धन की मांग की गयी थी,जिस पर शिवांश द्वारा सोसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली गयी थी। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर थाना बीटा पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके खुलासे के लिए टीमों का भी गठन किया गया था। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व अन्य साक्ष्यों के आधार पर बीटा 2 पुलिस ने दबिश देकर राजस्थान के जयपुर से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने जयपुर निवासी अमित और संजीव को गिरफ्तार किया।

### अश्लील फोटो व विडियो बना ली गयी

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का एक गिरोह है, अमित बर्मन, संजीव बतौतिया, तौफिक व एक अन्य व्यक्ति इस गिरोह के सदस्य है।

22-03-2024 की रात्रि में मृतक शिवांश के मोबाईल फोन पर एक मोबाईल नम्बर से वॉट्सऐप विडियो कॉल की गयी, जिसमें आरोपियों द्वारा विडियो कॉल के दौरान शिवांश की अश्लील फोटो व विडियो बना ली गयी।

# वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक ने दम तोड़ा

नोएडा। सेक्टर-93 में पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों की मदद से युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने फेज-2 थाने में केस दर्ज कराया है।सेक्टर-87 निवासी रवि चौबे ने बताया कि उसका बड़ा भाई शिवम चौबे 29 मार्च 2024 की शाम किसी विशेष काम से सेक्टर-93 पैदल गया था। वह वापस लौटते समय बाजार से कुछ सामान लेकर घर वापस आ रहा था। इसी दौरान शिवम चौबे को तेजी से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नोएडा में 3 बदमाश गिरफ्तार, बाइक चोरी कर स्पेयर पार्ट्स बेचते थे, 17 गाड़ियां बरामद

नोएडा। ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह का नोएडा की थाना सेक्टर-142 पुलिस और स्वाट टीम-2 ने पर्दाफ़ाश किया है। गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 17 बाइक बरामद की गई। ये दिल्ली एनसीआर में बाइक चोरी करते थे और स्पेयर पार्ट बेचते थे। मिले पैसों को आपस में बांट कर उससे मौज मस्ती करते थे। ये गैंग चार साल से सक्रिय था। पहले भी जेल जा चुके है।

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इन तीनों को क्रासा चौराहे के पास चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। दो बाइक से तीन लोग थे। इनको रुकने का इशारा किया गया। बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा रुकने के बजाय भागने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए भागने का मौके न देकर 03 बदमाश को गिरफ्तार कर लिया।

इनकी पहचान नईम उर्फ रहीम, इमरान, जुल्फिकार हुई है। इन तीनों पर पहले भी दिल्ली, गाजियाबाद एवं



गौतमबुद्धनगर में गई चोरी एवं लूट के आपराधिक मुकदमे दर्ज है।

उन्होंने बताया कि यह अन्तर्राज्यी गैंग मोटरसाइकिल एवं स्कूटी चोरी करने का गिरोह है। जिसका मास्टरमाइंड इमरान है। यह गिरोह नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़, दिल्ली एवं हृष्टक्रक्षेत्र में घर के बाहर व बाजारों में खड़ी मोटरसाइकिल एवं स्कूटी को डिमांड के आधार पर चोरी करते थे। उक्त गैंग लगभग 04 सालों से एक्टिव है।

यह गिरोह रेकी करके सेक्टरों, मार्केट और घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चुराते थे। गिरोह के द्वारा पूर्व में चोरी की मोटरसाइकिल से स्नैचिंग एवं लूट की घटनाओं को भी किया गया है। पकड़े जाने के डर से ये लोग अपने ठिकाने लगातार बदलते रहते थे।

गिरोह चोरी की गयी मोटरसाइकिल एवं स्कूटी को अपने ही गैंग के सदस्य जुल्फिकार को बेचते थे। उनसे मिले पैसों से शौक पूरे करते थे। जुल्फिकार न्यू अशोक नगर दिल्ली में रहता है। जिसके द्वारा नईम एवं इमरान से लगभग 04 सालों से लगातार चोरी की मोटरसाइकिल को खरीदकर उन्हें पकड़े जाने के डर से काट कर स्पेयर पार्टस में बेच देता था।

# ग्रेटर नोएडा में आठवीं मंजिल से गिरकर मेड की मौत

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक बहुमंजिला सोसाइटी की आठवीं मंजिल से गिरकर एक मेड की मौत हो गई। वह एक फ्लैट में काम करने के लिए आई थी लेकिन अचानक वह रेलिंग से नीचे गिर गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के गौर सिटी-2 की वीआईपी सोसाइटी की आठवीं मंजिल पर एक फ्लैट पर काम करने के लिए मेड आंचल मंगलवार सुबह पहुंची हुई थी। फ्लैट में काम करने के बाद वह रेलिंग से नीचे



गिर गई। आंचल मूलरूप से गाजियाबाद के विजयनगर की रहने वाली थी। वह गौर सिटी टू सोसाइटी के कई फ्लैट में मेड का कार्य करती थी।

## परिजन बोले- गलत काम हुआ, हत्या की गई है

### पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है

मृतका के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतका के चाचा संजीव ने अपनी भतीजी की हत्या का आरोप लगाया और कहा कि पुलिस को इस मामले की सही तरीके से जांच करनी चाहिए। पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई न करने पर परिजन सोसाइटी के बाहर ही इकट्ठा हो गए। उन लोगों ने जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। इस दौरान परिजनों और पुलिस में जमकर नोकझोंक भी देखने को मिली। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सोसाइटी में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। परिजनों का जमकर हंगामा चल रहा है। उनका साफ तौर पर आरोप है कि युवती की हत्या की गई है। उसके साथ में कोई गलत कृत्य भी किया गया है।

### कार से कुचलकर स्टोर प्रबंधक की मौत

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर क्षेत्र में साकीपुर गोल चक्कर के समीप सोमवार की रात सड़क किनारे खड़े कंपनी के स्टोर मैनेजर को कार ने कुचल दिया। हादसे में स्टोर मैनेजर की मौत हो गई। दोस्तों का आरोप है कि आरोपी ने जानबूझकर कार चढ़ाई थी। इसके बाद वह कार लेकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। सूरजपुर पुलिस के मुताबिक मूलरूप से उत्तराखंड की सैनिक कॉलोनी निवासी 44 वर्षीय गोकुल शर्मा सेक्टर बीटा-2 में परिवार के साथ रहते थे। वह ग्रेटर नोएडा की कंपनी में स्टोर मैनेजर के पद पर थे। गोकुल शर्मा सोमवार की देर रात साकीपुर शराब ठेके के पास सर्विस रोड पर अपनी कार के पास खड़े थे। कुछ दोस्त भी उनके साथ थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़े गोकुल शर्मा को कुचल दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोस्तों ने तत्काल उनको अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।दोस्तों का आरोप है कि आरोपी गाड़ी चालक ने गोकुल शर्मा को टक्कर मारने के बाद वापस गाड़ी लाकर फिर से जानबूझकर उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाई थी। इस मामले में सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह का कहना है कि पुलिस को अस्पताल से गोकुल शर्मा की हादसे में मौत होने की सूचना मिली थी। इस मामले में मृतक की पत्नी से प्राप्त तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।


# मोदी से राहुल का कोई मुकाबला नही : अमित शाह

बेंगलुरु। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांधी का कोई मुकाबला नहीं है।

शाह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, आगामी आम चुनावों में एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भाजपा है, वहीं दूसरी ओर परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों का यह द इंडिया समूह है। उन्होंने दावा किया कि राजग राज्य की सभी 28 सीटें जीतेगी। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने मोदी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके (मोदी) के नेतृत्व में भाजपा ने पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गृह मंत्री ने कहा, लोगों के पास स्पष्ट विकल्प है। एक ओर जहां मोदी ने एक पैसे के भ्रष्टाचार के बिना 23 वर्षों तक शासन किया है। वहीं दूसरी तरफ




कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। ये लोग जहां कहीं भी सत्ता में आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। इनका दिमाग कभी भी लोगों की सेवा करने पर केंद्रित नहीं होता है। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की भी निंदा की। उन्होंने इसकी तुलना श्री मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के रिकॉर्ड से की। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी के अपने कार्यकाल के दौरान कोई छुट्टी न लेने की उनकी कार्य नीति का उल्लेख करके उनके (मोदी के) समर्पण का उल्लेख किया।

शाह ने कहा, प्रधानमंत्री हमेशा भारत के लिए काम करते हैं। वह एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेते हैं, जबकि राहुल 'बाबा' गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए विदेश जाते हैं। प्रत्येक छह महीने में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें ढूंढने लगते हैं।

# पीट-पीट कर युवक की हत्या, सबूत मिटाने के लिए जलाया शव

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में 38 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या कर उसके शव को जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरी के शक में गांव के लोगों पर युवक को पीट-पीट कर मौत के घाट उतारने का आरोप है। इसके बाद सबूत मिटाने के लिए युवक के शव को जला दिया गया। मृतक युवक गांव के एक परिवार के पास मजदूरी करता था। वारदात के 10 दिन बाद मृतक युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। घटना राजधानी शिमला के बालूगंज थाना क्षेत्र के पनेश




इलाके की है।

शिमला से सटे सुन्नी की बझोल निवासी तारा देवी ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा कि उसका बेटा टीकमचंद पिछले आठ-नौ सालों से पनेश से साथ लगते गांव खरयाड़ में सेवानन्द के घर में मजदूरी का काम करता था। गत 22 मार्च को सेवानन्द की पत्नी प्रभा ने इसे फोन कर बताया कि इसके बेटे की गिरने के कारण मौत हो गई है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसे यह बताया गया था कि उसके बेटे ने मंदिर में चोरी की है और गिरने की वजह से उसकी जान गई है। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि स्थानीय लोगों से उसे पता चला कि 21 मार्च को उसका बेटा शीतला माता मंदिर गया था, जहां गांव के लोगों ने चोरी के शक में उसकी बुरी तरह पिटाई की और मौत होने पर शव को जला डाला। मृतक युवक की मां का कहना है कि उसके बेटे को मौत के घाट उतारा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने इसके बेटे के शव को जलाकर साक्ष्य मिटा दिए हैं।

शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने मंगलवार को बताया कि इस घटना को लेकर आईपीसी की धारा 302, 201 व 202 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

# अजमेर मंडल ने टिकट चेकिंग में 16 करोड़ से अधिक वसूले

अजमेर। राजस्थान में उत्तर पश्चिमी रेलवे के अजमेर मंडल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में टिकट चेकिंग आय 16 करोड़ से अधिक की राशि अर्जित की है। मंडल मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक सघन टिकट चेकिंग द्वारा 16.94 करोड रुपये की टिकट चेकिंग आय अर्जित की गयी, जबकि वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिये मंडल के लिये टिकट चेकिंग आय का लक्ष्य 15.30 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था। अजमेर मंडल में यह आय कुल 3,38,039 मामलों से अर्जित की गई जिसमें बिना टिकट यात्रा, बिना उचित श्रेणी टिकट यात्रा, बिना बुक करे सामान ले जाने के मामले शामिल है। टिकट चेकिंग के दौरान बेटिकट यात्रियों से किराया एवं जुर्माना दोनों वसूल किया गया, साथ ही उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने के लिये प्रेरित किया गया।

# रोजगार की समस्या के निराकरण की दिशा में प्रयास करेंगे : डॉ जोशी

भीलवाडा। राजस्थान में भीलवाडा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ सी पी जोशी ने कहा है कि वर्तमान समय में देश में रोजगार की बड़ी समस्या बनी हुई है, उसके निराकरण एवं युवाओं को रोजगार मिले, इस दिशा में प्रयास करेंगे।

लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद डॉ जोशी आज पहली बार भीलवाड़ा पहुंचे। उनका गुलाबपुरा और रायला में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जब तक रोजगार की समस्या का समाधान नहीं कर सकते, तब तक किसी के परिवार में खुशियां नहीं ला सकते। उन्होंने कहा कि आप और हम सब मिलकर कांग्रेस को जितायें। उन्होंने कहा .. मेरी प्राथमिकता रहेगी की सबसे पहला काम युवाओं को रोजगार मिले।..

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में काफी चुनौतियां हैं, इसमें आप सबकों मदद करनी है। यह चुनाव कांग्रेस पार्टी का है, बाकी किसी व्यक्ति विशेष का चुनाव नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर युवक से ठगी

मोदीनगर। नगर की देवेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी एक युवक से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 1.55 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पैसे मांगने पर युवक को परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की देवेन्द्रपुरी कॉलोनी निवासी विशाल परिवार सहित रहते है। विशाल ने बताया कि काफी समय पहले मेरी मुलाकात जिला मेरठ के थाना इंचौली के गांव कस्तला निवासी मतवीर सिंह से हुई। मतवीर सिंह ने अपने आप को पशु विभाग में डॉक्टर बताया। उसने कहा कि मै तुम्हारी आयुक्त विभाग में सहायक लिपिक व ईडीओ आफिस में सरकारी नौकरी लगवा दुंगा। इसके बाद 23 दिसम्बर 2023 को वह अपने पुत्र के साथ मेरे घर आया और 50 हजार रुपए नकद लिए और एक लाख पांच हजार रुपए यूनियन बैंक से ट्रांसफर किए। इतना ही नहीं युवक के फर्जी दस्तावेज दिखाकर नौकरी लगवाने की बात दिखाई गई और प्रमाण पत्र ले लिए। थोड़ी दिन बाद ही अपने साथ हुई ठगी का एहसास हो गया। इसके बाद जब पैसे व अपने ओरीजनल दस्तावेज मांगे तो वह जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस कमिशनर अजय मिश्र से की।

### फल विक्रेता का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

मोदीनगर। नगर के मुलतानीपुरा पड़ाव कॉलोनी से दो दिन पूर्व लापता हुए फल विक्रेता अभिषेक का शव हनुमानपुरी कॉलोनी के समीप रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। फल विक्रेता का मोबाइल उसके साथी के पास मिला। पुलिस इसे दुर्घटना मान रही है। पड़ाव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक फल विक्रेता था। बताया गया कि दो दिन पूर्व अभिषेक घर से किसी काम के लिए निकला,मगर रात तक नहीं लौटा। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया,लेकिन अभिषेक का कोई पता नहीं लगा। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस और परिजन अभिषेक की तलाश में लगे थे। हनुमानपुरी कॉलोनी के समीप रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन की। परिजनों ने मृतक की शिनाख्त अभिह्नषेक के रूप में की। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने सामने आया कि गृह क्लेश के बाद युवक घर से चला गया। परिजनों और दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता लगेगा। मुरादनगर। चितौड़ा पुल से पहले एक महिला का शव नहर में तैरता हुआ मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को बाहर निकाला। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद नहर में महिला का शव फेका गया है।

### बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी ने किया नामांकन

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर से लोकसभा चुनाव के बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी ने मंगलवार को नामांकन किया। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉक्टर महेंद्र नागर और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ.महेश शर्मा से है। बनवारी लाल और राकेश सिंह प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी के प्रस्तावक बने हैं। नामांकन करके बाहर निकले राजेंद्र सोलंकी ने कहा कि पूरे गौतमबुद्ध नगर समेत पूरे यूपी में जो विकास हुआ है, उसका श्रेय बहन कुमारी मायावती को जाता है। मायावती के कार्यकाल में नोएडा के भीतर विकास की गंगा बही थीं। केंद्र और राज्य सरकार ने उतना काम नहीं किया, जितना मायावती ने किया है। मेट्रो से लेकर सड़क, अस्पताल से लेकर यूनिवर्सिटी तक सब बहन जी की देन हैं। बसपा उम्मीदवार ने आगे कहा,मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ हूं। अब तक जो सांसद बने हैं। उन्होंने केवल अपने लिए कार्य किया है और जनता के लिए कुछ नहीं किया। सबसे जरूरी हेल्थ है। स्वास्थ्य के लिए मौजूदा सांसद ने अपने 10 प्राइवेट अस्पताल बना दिए। वह सांसद के साथ मंत्री भी थे। इसलिए उन्हें जिले में एक एम्स अस्पताल लाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने अपना व्यापार देखा।

### स्वीप बढ़ाएगा नोएडा का मतदान प्रतिशत

नोएडा। जिला प्रशासन का इस बार लक्ष्य नोएडा और ग्रेनो वेस्ट में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इसके लिए हाइराइज इमारतों में रहने वाले लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यहां लाउड स्पीकर , नुक्कड़ नाटक, सोसाइटी के बाहर चुनाव महा पर्व जैसे पोस्टर लगाए गए है। बता दे लोकसभा चुनाव में सबसे कम प्रतिशत नोएडा विधानसभा सीट का ही था। यहां लोकसभा 2014 चुनाव में 55.4 प्रतिशत और 2019 में 53.6 प्रतिशत रहा मतदान। इस बार भीषण गर्मी होगी। ऐसे में मतदाता को बाहर निकालने के लिए जागरूकता ही उपाय है। हालांकि इस बार अधिकांश सोसाइटी में पोलिंग सेंटर बनाए गए है। इसी के तहत निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिशिपेशन) के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का काम शुरू किया गया है। नोएडा में इसकी कमान प्राधिकरण के वर्क सर्किल दस वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया को स्वीप का नोडल अधिकारी बनाकर शुरू की है। यहां लाउड स्पीकर के अलावा, डोर टू डोर गाड़ियों में लगे स्पीकर, आईएसटीएमएस के जरिए सड़कों पर लगाई गए स्क्रीन और स्पीकर के जरिए भी मतदाता को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप के जरिए कहा जा रहा है कि धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करें।

### मंदिर से पीतल का सामान चुराने वाला गिरफ्तार

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन स्थित गौरी शंकर मंदिर में श्रीराम की मूर्ति खंडित कर पीतल के बर्तन चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से तांबे के लोटे, पीतल का एक पंचमुखी दीपक और दो छोटे दीपक बरामद किए। वह मंदिर के बर्तनों को कबाड़ी के पास बेचने जा रहा था। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि जुलफिकार उर्फ जुल्लू पुत्र याकूब निवासी नई सीमापुरी को गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि वह मौज मस्ती के लिए मंदिर में सामान चुराने गया था। वह चोरी के बाद पुलिस से बचने के लिए कबाड़ गोदाम में छिप रहा था। आरोपी पर दिल्ली में चोरी और लूट के 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी के मुताबिक, शालीमार गार्डन के मंदिर में प्रभु श्रीराम की मूर्ति को खंडित कर दिया था। इस सूचना पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी। लोगों में मूर्ति खंडित करने से काफी रोष था लेकिन उन्होंने मामले की गंभीरता को समझकर सभी को शांत कराया। इसके बाद पुजारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश तेज कर दी थी।

### लिफ्ट देने के बहाने हड़पे 1.25 लाख रुपये

इंदिरापुरम। सीआईएसएफ के पास बस के इंतजार में खड़े युवक को दो शातिरों ने सरकारी गाड़ी में लिफ्ट देने के बहाने बिहारी मार्केट ले जाकर बेसुध कर दिया। फिर जेब से नकदी, डेबिट व क्रेडिट कार्ड से खरीदारी कर 1.25 लाख रुपये हड़प लिए। उन्होंने इंदिरापुरम पुलिस को मुकदमा कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिल्ली के कोटला मुबारकपुर में रहने वाले सचिन ठाकुर 23 मार्च की दोपहर साढ़े तीन बजे मुरादाबाद जाने के लिए सीआईएसएफ के पास बस का इंतजार कर रहे थे। तभी उनके पास बाइक सवार दो युवक पहुंचे। एक ने उनसे कहा कि उसके पास सरकारी गाड़ी है। उसमें उन्हें वह मुरादाबाद तक लिफ्ट दे देगा। उन्होंने युवक की बात पर विश्वास किया और तीनों बाइक पर बैठ गए। दोनों उन्हें नीतिखंड चौकी क्षेत्र की बिहारी मार्केट में ले गए। वहां उनके चेहरे पर धुआं मारकर बेसुध कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने जेब से 40 हजार रुपये की नकदी, डेबिट कार्ड से 30 हजार रुपये और क्रेडिट कार्ड से 55 हजार रुपये की खरीदारी की। काफी देर बाद उन्हें होश आया तो फोन पर खाते से नकदी निकालने के ओटीपी देखकर होश उड़ गए। उन्होंने दोनों बाइक सवार युवकों को इधर-उधर देखा लेकिन वे भाग गए थे। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज करने के दौरान पुलिस ने उन्हें चक्कर कटाया। वह पहले विजयनगर थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने इंदिरापुरम की घटना बताकर कोतवाली में शिकायत करने भेज दिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि फुटेज से दोनों आरोपियों की पहचान करके टीम तलाश कर रही है।

# एआईयू के 37वें राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 'हुनर' 2024 में डीयू ने लहराया परचम

दिल्ली। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के 37वें राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 'हुनर' 2024 में दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय कल्चर काउंसिल के चेयर पर्सन अनूप लाठर ने बताया कि इस महोत्सव का आयोजन 28 मार्च से 1 अप्रैल, 2024 तक पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब में किया गया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय की टीमों ने कुल चार श्रेणियों में भाग लिया था जिनमें से तीन में उल्लेखनीय स्थान हासिल किए हैं। इस दल का नेतृत्व कल्चर काउंसिल के डीन प्रो. रविंदर ने किया था। डीयू की इस उपलब्धि पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कल्चर काउंसिल और विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी है।





अनूप लाठर ने जानकारी देते हुए बताया कि कौशल और कलात्मकता के प्रभावशाली प्रदर्शन में, दिल्ली विश्वविद्यालय ने शास्त्रीय वाद्य एकल (पर्क्यूशन) श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य (एकल) श्रेणी में भी डीयू के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान किया है। इनके अलावा वेस्टर्न वोकल सोलो श्रेणी में डीयू की टीम दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि ये उत्कृष्ट उपलब्धियाँ दिल्ली विश्वविद्यालय की कलात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने, रचनात्मकता को पोषित करने और अपने छात्रों के बीच सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में प्राप्त सफलता हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित समर्पण, कड़ी मेहनत और जुनून का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने तथा शिक्षा और कला में उत्कृष्टता की अपनी विरासत को जारी रखने के अपने मिशन में दृढ़ है।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में आयोजित इस महोत्सव के समापन सत्र में डीन कल्चर काउंसिल, प्रो. रविंदर कुमार, टीम प्रभारी डॉ. रिग्जिन कांग और डॉ. सुकन्या टिकादर के साथ-साथ डॉ. सुनील और गुरजीत सिंह सहायक स्टाफ के रूप में उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव से पहले चार और आप नेताओं की होगी गिरफ़्तारी : आतिशी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता एवं दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन्हें सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करेगी।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज यहाँ दावा किया भाजपा ने उनके बहुत व्यक्तिगत करीबी व्यक्ति के माध्यम से भाजपा में शामिल होने का संदेश भेजा है। उन्हें कहा गया कि वह भाजपा में शामिल होकर अपना राजनीतिक करियर बचा लें। अगर नहीं की तो आने वाले एक महीने में उन्हें ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



उनके दावे के अनुसार करीबी व्यक्ति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने अपना मन बना लिया है कि आम आदमी पार्टी और उसके सभी नेताओं को वह कुचलना और खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले आप के सभी शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब भाजपा आने वाले दो महीने में लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के चार और नेताओं को गिरफ्तार करने वाले हैं। इसमें उन्हें, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार किया जाएगा।

आतिशी ने कहा कि भाजपाको उम्मीद की थी कि श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी टूट जाएगी और उसका मनोबल गिर जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार को रामलीला मैदान में हुई सभा और दस दिन तक सड़क पर चले संघर्ष के बाद उन्हें लगा कि इतना काफी नहीं है इसलिए आने वाले दिनों में बाकी चार बड़े नेताओं को जेल में डाला जाएगा।

उन्होंने कहा, आने वाले कुछ ही दिनों में उनके और उनके रिश्तेदारों के घर में ईडी की छापेमारी होगी। उसके बाद हम सब लोगों को समन भेजे जाएंगे और उसके कुछ ही समय बाद हमें गिरफ्तार किया जाएगा।

आप नेता ने कहा , मैं भाजपा को बताना चाहती हूं कि हम आपकी धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम अरविंद केजरीवाल के सिपाही हैं, भगत सिंह के चेले हैं। जब तक आप के हर नेता, हर विधायक और हर कार्यकर्ता की आखिरी सांस बची है तो हम देश और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

# भाजपा की पूरी साज़िश धराशायी होगी : संजय सिंह

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय से ज़मानत मिलने पर मंगलवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप के ख़िलाफ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूरी साज़िश धराशायी होगी।



पार्टी के नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा, आखिरकार सत्य की जीत हुई। वो दिन दूर नहीं जब आप के ख़िलाफ़ भाजपा की पूरी साज़िश धराशायी होगी। संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से ज़मानत मिलने पर हार्दिक बधाई। देश की शीर्ष अदालत का हार्दिक धन्यवाद। इंक़लाब ज़िंदाबाद। आप ने एक्स पर कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से आज 'आप' का शेर संजय सिंह आज़ाद बाहर आ गया है। तानाशाह के सारे मंसूबे धीरे-धीरे होंगे नाकामयाब!

आप की नेता आतिशी सिंह ने श्री सिंह की जमानत की खबर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, सत्यमेव जयते।

उल्लेखनीय है कि कि ईडी ने श्री सिंह को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किया था।

### आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले दो गिरफ्तार



गाजियाबाद। गाजियाबाद की थाना नंदग्राम पुलिस ने ऐसे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो दिल्ली एनसीआर के की जनता को आईपीएल पर जुआ लगवाते थे। एप के माध्यम से जुआ खिलाया जाता था। इनका गिरोह जेल में बना था। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब चार लाख रुपये मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद किया है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि थाना नंदग्राम पुलिस को सूचना मिली थी कि गाजियाबाद का रहने वाला बंटी त्यागी और पंजाब का रहने वाला नरेश दिल्ली एनसीआर की जनता को आईपीएल में सट्टा खिला रहा है। पुलिस को यह भी पता चला कि यह दोनो डब्लू सृष्टि सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन में बी 807 फ्लैट किराए पर लेकर रह रहे हैं। यह फ्लैट इन्होंने 16000 रुपए में आईपीएल में सट्टा खिलाने को लेकर लिया था। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3,65000 रुपए मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद हुआ है। यह दोनों आरोपी बैटिंग असिस्टेंट आई बुक नाम के ऐप से लोगों को सट्टा खिलाने थे। बंटी त्यागी साल 2017 में हत्या के मामले में जेल गया था। जेल में उसकी मुलाकात दिल्ली के रहने वाले अजय छक्कन नाम के व्यक्ति से हुई थी। जो पहले से सट्टा खिलाया करता था।

# केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से श्री केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए।

भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर सारे कट्टर बेईमान, पापी और भ्रष्टाचारी हैं तो



दूसरी ओर एक ईमानदार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। देश की जनता इन भ्रष्टाचारियों से अपने पैसे का हिसाब मांग रही है। दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय के नौ समन पर उपस्थित नहीं हुए।

केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय गए, जहां उन्हें शराब घोटाले का प्रथम दृष्टया आरोपी ठहराया गया और राहत नहीं दी गई। केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय न्यायालय और फिर पुन: दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और दोनों ही जगह इनकी याचिका खारिज कर दी गई तथा अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गत 14 महीने से जेल में बंद मनीष सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय, उच्च न्यायालय और शीर्ष न्यायालय सहित कहीं से कोई राहत नहीं दी गई।

भाटिया ने केजरीवाल के दोहरे मापडंड पर सवाल पूछा कि श्री केजरीवाल ने जब मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी पर उनसे इस्तीफा लिया था, तो केजरीवाल स्वयं गिरफ्तार होने पर इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं? आज दिल्ली की जनता ऐसी सरकार की हकदार है जो जनता के प्रति ईमानदार रहे, न कि एक ऐसी सरकार जिसका सीएम भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा हो,जो सिर्फ अपनी जेब भरता हो और जो जेल के अंदर से सरकार चलाने की इच्छा रखता हो। दिल्ली की जनता आज कह रही है कि बहुत हो गया आपका भ्रष्टाचार अब 'साड्डा हक एथ्थे रख!'

भाटिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नैतिकता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

यह अत्यंत चिंताजनक विषय है कि केजरीवाल जेल के अंदर से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी में कोई ऐसा नेता नहीं है, जो दिल्लीवासियों की सेवा कर सके। पहले अरविंद केजरीवाल कहा करते थे कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ है लेकिन आज वह खुद भ्रष्टाचारी बन चुके हैं।

# डीयू में बुधवार को कवि सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के नामचीन कवि

नयी दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) उत्तरी परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के नामचीन कवि शामिल होंगे। इस सम्मेलन का आयोजन खुशहाली फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

यह कवि सम्मेलन डीयू से संबंध किरोड़ीमल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. भीमसेन सिंह के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस संबंध में आज खुशहाली फाउंडेशन की ओर से प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर कवि सम्मेलन के संयोजक एवं संचालक गजेंद्र सोलंकी, डीयू के जनसंपर्क अधिकारी एवं सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर, खुशहाली फाउंडेशन के महासचिव डॉ. प्रभांशु ओझा, खुशहाली फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार डॉ. सौरभ ,खुशहाली फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू सिंह उस्थित रहे।

सोलंकी ने बताया कि किरोड़ीमल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. सिंह के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन में देशभर के जाने-माने कवि हिस्सा लेंगे। इसमें पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, डॉ. वसीम बरेलवी, पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. हरिओम पंवार, डॉ. अनामिका जैन अंबर, श्री अरूण जैमिनी, शायरा अंजुम रहबर, राजेश रेड्डी, दिनेश रघुवंशी, जनाब ताहिर फराज, शंभू शिखर, प्रियांशु गजेंद्र एवं सूरज मणि अपनी प्रस्तुति देंगे।

उन्होंने कहा कि मैंने कई कवि सम्मेलन को संचालित किया है, लेकिन यह कवि सम्मेलन कवियों का महाकुंभ है, जिसमे एक साथ एक मंच पर इतने बड़े पैमाने पर देश के नामचीन कवि प्रस्तुति देंगे।

वहीं ओझा ने कहा कि खुशहाली फाउंडेशन प्रो. सिंह के शिष्यों द्वारा उनके मार्गदर्शन में शुरू की गयी है। आज हमलोग जहां जिस जगह पर देश- विदेश में हैं, उन्हीं के आशीर्वाद और उनके मार्गदर्शन पर चलकर पहुंचे हैं।

यह कवि सम्मेलन शिष्यों द्वारा अपने गुरू के 75वें जन्मदिवस पर समर्पित है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज दिल्ली विश्वविद्यालय प्रो. बलराम पाणी, पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिल्ली तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विजेंदर जैन और उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू की कुलानुशासक प्रो रजनी अब्बी करेंगी।

सिंह ने बताया कि महा मंडलेश्वर ज्ञानानन्द जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा एवं समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले हम सभी के आदरणीय प्रो भीमसेन सिंह के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए है। प्रो. सिंह हमेशा समाज के गरीब एवं वंचितों के चेहरे पर मुस्कान एवं खुशियां लाने के लिए दिन रात लगे रहते हैं।

# फावड़े से पत्नी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के मुस्तफाबाद कॉलोनी में शनिवार को अयूब ने अपनी पत्नी फरजाना की फावड़े से काटकर हत्या कर दी थी इस दौरान उसकी बेटी और बेटे ने जब अपनी मां को बचाने की कोशिश की थी तो वह भी घायल हो गए थे।

पुलिस ने हत्यारोपी अयूब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से फावड़ा भी बरामद किया है। एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया की 30 तारीख को थाना लोनी के मुस्तफाबाद कॉलोनी में रात को अयूब नाम के शख्स ने अपनी पत्नी फरजाना की फावड़े से काटकर हत्या कर दी थी। इस दौरान फरजाना को बचाने आए बेटी और बेटा भी फावड़े की चोट से घायल हुए थे। फरजाना और अयूब अपने पांच बच्चों के साथ रहा करते थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया था की अयूब को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक है। इसको लेकर पहले भी कई बार मारपीट हुई थी। अयूब अक्सर फरजाना को इस बात पर गाली दिया करता था। पुलिस के मुताबिक शनिवार को अयूब शराब के नशे में घर आया और उसने अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ फावड़े से वार कर दिया। हत्या करके अयूब फरार हो गया था।

### 6 महीने बाद कारोबारी की हत्या का खुलासा

गाजियाबाद। दिल्ली के कश्मीरी गेट के रहने वाले ऑटो पार्ट्स कारोबारी राजू श्रीवास्तव की दिल्ली में 7 अक्टूबर 2023 को हत्या हो गई थी। हत्या लूट का विरोध करने पर हुई थी। हत्या लूट में शामिल दो बदमाशों ने कारोबारी की लाश को गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र में फेंक दिया था। 17 जनवरी 2024 को थाना टीला मोड़ में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है कि हत्या लूट के मामले में दो लोग शामिल थे। एक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वहीं दूसरा आरोपी दिल्ली की मंडोली जेल में है।

# शिक्षा में होना चाहिए भारतीय दृष्टि और दृष्टिकोण पर काम : प्रो. योगेश सिंह

## डीयू के सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज में अंडरस्टैंडिंग हिंदू धर्म एंड 'हिंदू-नेस' विषय पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज में अंडरस्टैंडिंग हिंदू धर्म एंड 'हिंदू-नेस' विषय पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन मंगलवार, 2 अप्रैल को किया गया। विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्यातिथि रहे जबकि विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर वर्ल्ड हिन्दू फ़ाउंडेशन के फाउंडर एवं ग्लोबल चेयरमैन स्वामी विज्ञानानंद उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणी एवं दक्षिणी परिसर के निदेशक




प्रो. श्रीप्रकाश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज द्वारा की गई गतिविधियों पर एक बुकलेट का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में भारतीय दृष्टि और दृष्टिकोण पर काम होना चाहिए।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्राचीन भारतीय दृष्टि का जिक्र करते हुए कहा कि पुराने समय में भारत में किलों का निर्माण ऐसी तकनीक से किया जाता था कि उन्हें ठंडा रखने के लिए बिजली जैसी किसी ऊर्जा की जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन, आज विदेशों की तर्ज पर भारत में भी शीशे की बहुमंजिला गगनचुंबी इमारतें बनने लगी हैं। जिन देशों की यह तकनीक है वहाँ धूप कम निकलती है और अधिकाधिक धूप के अंदर आने के लिए इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है, जबकि भारत में साल के अधिकतर महीनों में प्रयाप्त धूप रहती है। ऐसे में इन इमारतों को ठंडा रखने के लिए चार गुना से ज्यादा ऊर्जा लगती है। कुलपति ने कहा कि आज उस भारतीय दृष्टि का अभाव है। उन्होंने कहा कि भारत के पास वाणिज्य और व्यापार की भी बहुत समृद्ध परंपरा रही है। आज भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में उस दृष्टि से क्या विस्तार किया जा सकता है, इस पर विश्वविद्यालयों को काम करना चाहिए।

यदि यह हिन्दू स्टडी सेंटर इस तरह के प्रयोग करता है तो तभी इसकी सार्थकता सिद्ध होगी।

कुलपति ने कहा कि भारत को और भारतीय ज्ञान परंपरा को हम विश्वविद्यालयों में जिंदा नहीं रख पाए। यह बहुत बड़ी कमी थी जिसे दूर करने का अब सही समय आ गया है। अब समय भी सही है, व्यवस्थाएँ भी सही हैं और सहयोग भी उपलब्ध है, इसलिए अब हमें इसमें चूकना नहीं चाहिए।

# संपादकीय

## साइबर सुरक्षा

आज के डिजिटल युग में, इंटरनेट ने हमारे जीवन को सर्वांगीण रूप से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया, ईमेल, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, आदि – सभी क्षेत्रों में हम इंटरनेट के सहारे अपने कार्यों को सरल बनाने में समर्थ हैं। लेकिन, इस डिजिटल उपयोग के साथ साथ, साइबर अपराधों की भी चुनौतियों ने बढ़ दी है। इसी कारण साइबर सुरक्षा का महत्व और उसके अवश्यकता का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। यह लेख साइबर सुरक्षा के महत्व पर ध्यान केंद्रित करता है और हमें सुरक्षित रहने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

### साइबर सुरक्षा का महत्व

व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा : आधुनिक तकनीक के उपयोग के साथ, हमारी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्मों पर संग्रहित होती है। इसमें हमारा नाम, पता, फोन नंबर, बैंक खाता जानकारी, आदि शामिल होता है। साइबर सुरक्षा उपायों के अभाव में, यह जानकारी अनधिकृत लोगों के हाथों में गिर सकती है, जिससे हमारी गोपनीयता को खतरा होता है।

व्यावसायिक सुरक्षा : व्यावसायिक संगठनों के लिए भी साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन उपस्थिति के कारण, कंपनियों के संदेश, संबंधी डेटा, आदि को हैकर्स के हमलों से सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। नहीं तो यह लाखों का नुकसान कर सकता है और कंपनी की नाम और विश्वासघात हो सकता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा : साइबर हमले एक राष्ट्र की सुरक्षा को भी प्रभावित कर सकते हैं। विदेशी राष्ट्रों या संगठनों द्वारा संभावित हमले देश की संरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं। साइबर सुरक्षा के माध्यम से राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है।

फिनांसियल सुरक्षा : ऑनलाइन बैंकिंग और ई-कॉमर्स के बढ़ते उपयोग के साथ, फिनांसियल सुरक्षा के मामले में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। हैकर्स के द्वारा ऑनलाइन लेन-देन की जानकारी के चोरी होने के मामले में लोग अपने पैसे को खो सकते हैं।

सतर्कता : सबसे पहला और सबसे महत्वपूर्ण उपाय है सतर्कता। इंटरनेट पर ऑनलाइन संदेशों, ईमेलों, और लिंक्स को सतर्कता से देखना आवश्यक है। अज्ञात स्रोतों से आने वाले संदेशों को खोलने से पहले उनकी प्रामाणिकता की जांच करें।

स्ट्रांग पासवर्ड : सुरक्षित पासवर्ड का चयन करें और अनियमित अंक, अक्षर, और संकेत शामिल करें। पासवर्ड को नियमित अंतरालों पर बदलें।

अद्यतन सॉफ्टवेयर : अपने डिवाइसों के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अद्यतन करें। नवीनतम सुरक्षा अपडेट्स और पैचेस को इंस्टॉल करें।

एंटीवायरस सॉफ्टवेयर : एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें और अपने डिवाइसों को सुरक्षित रखें।

डेटा बैकअप : अपने महत्वपूर्ण डेटा का नियमित बैकअप बनाएं। इससे आप डेटा खोने के मामले में उसे पुन: प्राप्त कर सकते हैं।

दो चरणीय प्रमाणीकरण : ऑनलाइन खरीदारी करते समय, दो चरणीय प्रमाणीकरण का उपयोग करें। इससे आपके खाते की सुरक्षा बढ़ जाती है।

संबंधित शिक्षा- साइबर सुरक्षा के मामले में जागरूकता बढ़ाएं। स्कूल और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षा को समर्थन दें।

## अरुणाचल प्रदेश पर अवैध दावेदारी

चीन इसी तरह धौंस-पट्टी से या चोरी-छिपे वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता रहा है। गलवान घाटी में उसके सैनिक इसी कोशिश के तहत घुसे थे, जिसे भारत ने पूरी ताकत से नाकाम कर दिया था।

अरुणाचल प्रदेश पर चीन ने एक बार फिर अपनी दावेदारी दिखाने की कोशिश की है। वहां के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अरुणाचल की तीस जगहों के नाम जारी किए हैं। पिछले सात वर्षों में यह चौथी बार है, जब चीन ने अरुणाचल की जगहों के भारतीय नामों को बदल कर चीनी नाम जारी किए हैं। अरुणाचल को वह जंगनान कहता और उसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बता कर उसे अपने नक्शे में दिखाता रहा है। हालांकि भारत ने हर बार उसकी ऐसी हरकतों का पुरजोर विरोध किया और दोहराया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। मगर चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ करने की कोशिशों से बाज नहीं आता। उसके ताजा कदम के पीछे की वजहें समझी जा सकती हैं।

पिछले महीने प्रधानमंत्री ने अरुणाचल में सैन्य सुरंग का उद्घाटन किया था, तब भी चीन ने आपत्ति दर्ज की थी। दरअसल, उसी के बाद से चीन को लगता है कि भारत के अरुणाचल वाले हिस्से पर उसके कब्जे की रणनीति अब कामयाब नहीं होने पाएगी, क्योंकि इस सुरंग के खुल जाने से चीन के बहुत करीब तक भारतीय सेना की आसान पहुंच हो सकेगी। प्रधानमंत्री की अरुणाचल यात्रा के बाद अमेरिका ने भी कह दिया कि अरुणाचल को वह भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार सैन्य या असैन्य घुसपैठ या अतिक्रमण के जरिए क्षेत्रीय दावे करने के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करता है। इससे चीन की तिलमिलाहट और बढ़ गई।

दरअसल, चीन इसी तरह धौंस-पट्टी से या चोरी-छिपे वास्तविक नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास करता रहा है। गलवान घाटी में उसके सैनिक इसी कोशिश के तहत घुसे थे, जिसे भारत ने पूरी ताकत से नाकाम कर दिया था।

हालांकि बताया जाता है कि अब भी भारत के कुछ हिस्सों पर उसने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। मगर इस तरह अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन कर और अपने नक्शे में पड़ोसी देश के हिस्से को दिखा कर कोई देश उस भूभाग का अधिकारी नहीं बन सकता।

चीन इस तथ्य को नहीं झुठला सकता कि अरुणाचल को वह जिस तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा बताता है, उस तिब्बत पर उसने खुद अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। अंतरराष्ट्रीय संधि के मुताबिक तिब्बत उसका हिस्सा नहीं, बल्कि स्वतंत्र राष्ट्र है। इस तरह चीन दो-दो भूभागों पर अवैध दावेदारी जताता रहा है।

चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत किस तरह पड़ोसी देशों, खासकर भारत की सीमा से सटे देशों में अपनी उपस्थिति बनाए रखने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाता रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय से छिपा नहीं है।

पाकिस्तान, श्रीलंका, मालदीव आदि को वित्तीय मदद पहुंचा कर वह उनके बंदरगाहों आदि पर लंबी अवधि का करार करके कब्जा जमा चुका है। दरअसल, भारत का आर्थिक विकास और दुनिया में एक ताकतवर शक्ति के रूप में उदय चीन को लगातार खटकता रहा है।

फिर, अमेरिका के साथ बढ़ती उसकी नजदीकी भी उसे रास नहीं आती। इसलिए मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की मंशा से वह भारत के आसपास अपनी सामरिक और जासूसी गतिविधियां चलाने की कोशिश करता देखा जाता है। अन्यथा चीन इस बात से अनजान नहीं होगा कि किसी देश के किसी भूभाग का नाम बदल कर और उसे अपने नक्शे में दिखा कर उस पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

# बेटियों को भी मिले उचित सम्मान



रमेश सर्राफ धमोरा

आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है।

पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।



भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है।

समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

हम सभी जानते हैं कि एक लड़की समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। वह एक मा, एक बेटी, एक पत्नी इस तरह कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाती है। उसे घर की शांति बनाए रखने वाली स्तंभ माना जाता है और फिर भी उसका अपमान किया जाता है। स्त्रियां ही संतति की परम्परा में मुख्य भूमिका निभाती है फिर भी प्राचीन समाज से लेकर आधुनिक कहे जाने वाले समाज तक स्त्रियां उपेक्षित ही रही है। उन्हें कम से कम सुविधाओं, अधिकारों और उन्नति के अवसरों में रखा जाता रहा है, इसी कारण महिलाओं की परिस्थिति अत्यन्त निचले स्तर पर है ।

## अंधविश्वास के विरुद्ध जन आंदोलन और चिंतन आवश्यकता

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही हैद्य

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ?

शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएद्य बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है।

## लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।

मोहब्बत में दर्द छुपा लिया करो,
दर्द के छालों को छुपा लिया करो।

आशिकी छुपाना होती नहीं आसां,
जमाने को मेरा नाम बता दिया करो।

हर दर्द की दास्तां होती है जुदा जुदा,
अपने दर्द को दिल में दबा दिया करो।

रूबरू होने की खुशियां चंद लम्हों की,
जुदाई के अहसास को दबा लिया करो।

सन्नाटे का शोर क्यों है इतना रातों में,
शोर को खामोशी में छुपा लिया करो।

इश्क में तेरी दुनिया लुट गई मेरी,
लंबी उम्र की ना दुआ किया करो।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# मैं अब जीना नहीं चाहता-मुझे मौत चाहिए



पारिवारिक,सामाजिक व व्यसनों से व्यथित व्यक्ति मौत को गले लगाने की ओर

परिस्थितियों,दुखों,पारिवारिक सामाजिक अपमान से व्यथित,मौत चाहने वाले मानवीय जीव को समाज ने रेखांकित कर,जीवन जीने को प्रोत्साहित करना समय की मांग- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर देश में परिस्थितियों पारिवारिक सामाजिक व व्यसनों से व्यथित दुखों का अंबार लगा है, जिसमें व्यवस्थित होकर मानवीय जीव मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो जाते हैं।भले ही 20 मार्च 2024 को घोषित विश्व खुशहाली सूचकांक रिपोर्ट 2024 में फिनलैंड लगातार सातवीं बार दुनियां का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है, याने खुशहाली में प्रथम रैंकिंग पर है और सबसे आखरी रैंकिंग याने 143 में नंबर पर अफगानिस्तान आया है और भारत 126 वें स्थान पर आया है,परंतु सोचने योग्य बात यह है कि क्या फिनलैंड में पारिवारिक स्थिति सामाजिक अपमान से व्यथित दुखों से पीड़ित मौत चाहने वाले लोग नहीं होंगे ? मेरा मानना है कि दुनियां के हर देश में एक वर्ग मानव निर्मित समस्याओं से ग्रस्त दुखों से पीड़ित व्यक्ति होंगे जो मौत चाहने चाहते होंगे, उनमें जीवन जीने की इच्छा समाप्त हो गई होगी और कहते होंगे मैं अब जीना नहीं चाहता,मुझे मौत चाहि।

कई बारहमने प्रिंटऔर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पढ़ते सुनते हैं कि फलां व्यक्ति ने शासन प्रशासन से इच्छा मृत्यु के लिए आवेदन किया है,जो स्थानीय लेवल पर हे डलाइंस बन जाती है परंतु यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि वह ऐसा राजनीतिक स्टंट बाजी भी हो सकती है। परंतु इस विषय के अगर हम तह में जाएंगे तो हमें एक वर्ग ऐसा मिलेगा जो वास्तविक में पारिवारिक सामाजिक शासकीय आर्थिक या व्यसनों से पीड़ित मिलेगा जो मौत को गले लगाने की इच्छा रखता है। हालांकि कई लोग झट से आत्महत्या का कदम उठा लेते हैं जो कानूनी सामाजिक व पारिवारिक स्तरपर गलत काम है ऐसा नहीं करना चाहिए। परंतु यह भी सत्य है कि ऐसे लोगों की पहचान करके प्रोत्साहन देने वालों की भी कमी है इसलिए ऐसे मेरा मानना है कि,सामाजिक सेवा के रूप में ऐसे संगठनों,संस्थाओं में विस्तार किया जाए जो ऐसे लाचार व मौत को गले लगाने वाले लाचार व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें जीवन जीने की कला सिखाने उनके पारिवारिक सामाजिक व्यवस्थाओं की समस्याओं से पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करें जिससे उनके जीवन में फिर जीवन जीने की इच्छा जागृत हो और अपनी खूबसूरत जिंदगी को पहचान कर उसे फिर जीने की इच्छा प्रबल हो जाए। वैसे बता दें कि कुदरत की माया में इंसानी जीव हाथ नहीं डाल सकता,जिसकी मौत जब और जहां निश्चित है वही होगी, यह कुदरत की देन है, इसे कोई संगठन संस्था शासन या फिर स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी भी रोक नहीं सकती, वह होके रहती है। चूंकि पारिवारिक सामाजिक व्यसनों से व्यस्त व्यक्ति मौत को गले लगाने की और तेजी से बढ़ रहे हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,परिस्थितियों दुखों पारिवारिक सामाजिक अपमान से व्यथित मौत चाहने वाले मानवीय जीव को समाज ने रेखांकित कर जीवन जीने को प्रोत्साहन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम खुदकुशी के तेजी से बढ़ते मामलों की ओर ध्यान दें तो, इन दिनों खुदकुशी के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी है कि आखिर क्यों लोगों के मन इस तरह के विचार आते हैं। साथ ही अगर वक्त से कुछ लक्षणों की पहचान कर ली जाए, तो समय रहते ऐसे इंसान को यह कदम उठाने से रोका जा सकता है। क्यों आते हैं आत्महत्या के ख्याल ?आत्महत्या के हर मामले के पीछे कोई न कोई राज छिपा होता है ? लेकिन हर आत्महत्या के पीछे एक वजह बेहद सामान्य होती है और वह है मन में दबी गहरी निराशा। खुदकुशी कोई मानसिक बीमारी नहीं है।

इसके पीछे कई सारी वजहें हो सकती हैं, जिसमें डिप्रेशन, बाइपोलर डिसऑर्डर, पर्सनालिटी डिसऑर्डर, किसी घटना का गहरा असर और तनाव आदि शामिल है। अक्सर जीवन में आई कुछ परिस्थितियों की वजह से लोग हिम्मत हार बैठते हैं। उन्हें लगता है कि वह उन समस्याओं का सामना नहीं कर पाएंगे और ऐसे में वह घबराकर आत्महत्या को ही एकमात्र उपाय मान लेते हैं। लेकिन ऐसा करना कोई समाधान नहीं है। *अक्सर अपनों से मिली चोट लोगों को ज्यादा तोड़ देती है*

साथियों बात अगर हम खुदकुशी के संभावित लक्षणों पर ध्यान देने की करें तो, इन लक्षणों को कभी न करें नजरअंदाज,अक्सर हालातों से हार मान लेने वाले लोग आत्महत्या का रास्ता चुन लेते हैं। लेकिन वह ऐसा अचानक नहीं करते हैं। अवसाद या खुदकुशी के विचार से जूझ रहे लोगों में कई ऐसे लक्षण नजर आने लगते हैं, जिनकी अगर समय रहते पहचान कर ली जाए, तो उस व्यक्ति को बचाया जा सकता है।

अगर आपके आसपास किसी शख्स में ये लक्षण दिखाई दें, तो उन्हें बिल्कुल भी नजर अंदाज न करें।(1)ऐसे लोग अचानक ही बात करते-करते खो जाते हैं या अचानक ही शांत रहने लग जाते हैं।(2)इन लोगों के व्यवहार में अचानक ही बदलाव आने लगते हैं, जैसे- बात-बात पर गुस्सा करना, मूड स्विंग होना, उदास और निराश रहना आदि (3) आत्महत्या का विचार बना रहे लोग अक्सर अपने करीबियों से मिलना चाहते हैं। ऐसे में वह बार-बार उनसे मिलने का दबाव बनाते हैं।(4)अक्सर अपनों से मिले धोखे या किसी चोट से टूटे लोगों के मन आत्महत्या जैसे विचार आने लगते हैं, जिसका मुख्य कारण अकेलापन है(5) जिंदगी से हार मान चुके लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट डालना कम कर देते हैं।(6)ऐसे में लोग अगर पोस्ट शेयर करते भी हैं, तो भरोसा टूटने या दुखी वाले पोस्ट साझा करते हैं।वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अचानक ही बेहद (7)प्रेरणादायक पोस्ट डालने लगते हैं, ताकि वह सबको बता सकें कि सब कुछ ठीक है।(8)सबसे ज्यादा गौर करने वाली बात यह है कि ऐसे लोग, जो खुदकुशी का विचार बना रहे हैं, वह किसी दोस्त या करीबी से इसका जिक्र जरूर करते हैं। ऐसे में इन बातों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

डिप्रेशन की अवस्था में इस किस्म के विचार आते है,डिप्रेशन में आदमी का आत्मविश्वास खत्म होने लगता है,निराशा घेर लेती हैआदमी भविष्य के प्रति शंकित हो जाता है, इन परिस्थितियों में या गंभीर आर्थिक समस्याओं से घिरा व्यक्ति,अपने अत्यधिक प्रियजन की मृत्यु ऐसी परिस्थितियां है जिनमे आत्महत्या के विचार मन में आने लगते है,इसके लिए मनोचिकित्सक का इलाज,और आध्यात्मिक जीवन की ओर मुड़ना ही उपाय है।

# शार्ट न्यूज

## कानपुर की राखी मंडी में भीषण आग

कानपुर। कानपुर की राखी मंडी में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। हादसे में 60 से अधिक झोपड़ी, कबाड़ के गोदाम और दुकानें जलकर खाक हो गईं। 50 फीट ऊंची आग की लपटें उठने लगीं 3 किलोमीटर दूर से ही धुएं का गुबार दिखने लगा। लोगों ने किसी तरह से भागकर जान बचाई। अफीमकोठी चौराहा राखी मंडी पर खाली मैदान में हजारों की संख्या में कबाड़ की दुकान, गोदाम, कारखाने और अस्थाई घर बने हुए हैं। लोगों ने बताया कि बस्ती से सटे जलकल के संपवेल में कूड़ा जलाया गया था। उसी की आग से कबाड़ का गोदाम धधका और देखते ही देखते एक के बाद एक 50 से 60 दुकानों और घरों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इलाकाई लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड करीब एक से डेढ़ घंटा देरी से पहुंची इसके चलते आग ने पूरी कबाड़ मार्केट को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची भी तो बस्ती में भीतर जाने का रास्ता नहीं था। इसके बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ही करीब सौ से तीन सौ मीटर लंबा पाइप लगाकर आग तक पहुंचे। इसी तरह चौतरफा फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत से फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

## ललितपुर में करंट से युवक की मौत

ललितपुर। ललितपुर में सोमवार की रात पोल पर चढ़कर बिजली का तार जोड़ते समय अचानक लाइन चालू हो जाने से युवक झुलस कर 20 फीट नीचे जमीन पर आ गिरा। जिसके चलते युवक की मौत हो गई। मंगलवार को परिजनों ने बिजली विभाग के लाइन मैन सहित अन्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम पडवां 23 साल नन्दराम उर्फ नन्दू कुशवाहा पुत्र गणेश सोमवार की रात साढ़े 8 बजे के दरम्यान घर पर तभी गांव तैनात लाइनमैन ने मोबाइल करते हुए गांव की खराब पड़ी विद्युत लाइन ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ने के लिए बोल दिया। जब युवक पोल पर चढ़ गया तो लाइनमैन ने शटडाउन का बोल दिया, लेकिन जब युवक 20 फीट ऊंचे पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहा था, तभी अचानक बिजली आ गई और नन्दराम करंट लगने से झुलस गया और पोल से नीचे आ गिरा। परिजनों को जानकारी लगी तो वह मौके पर पहुंचे और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य महरौनी ले गए। डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के ममेरे भाई रामकिशन ने बताया कि नन्दराम प्राइवेट तौर पर लाइनमैन के साथ बिजली सुधारने का काम करता था।

## पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जालौन।** जालौन में लगभग 14 साल पहले एक पति ने अपनी पत्नी की ससुराल पहुंचकर कुल्हाड़ी से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय के जिला जज ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर पति को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है। हत्या की वारदात 30 नवंबर 2010 की थी, जब सिरसा कलार थाना में ग्राम गढ़गुवां के रहने वाले कुंवर सिंह तोमर पुत्र स्वर्गीय सरनाम सिंह तोमर का दामाद राघवेंद्र सिंह उर्फ पूती पुत्र स्वर्गीय दृगविजय सिंह राजावत निवासी हीरापुर थाना लहार जिला भिंड मध्य प्रदेश अपनी ससुराल आया था। 29/30 नवंबर की रात्रि 11 बजे दामाद और पुत्री रीना देवी के मध्य आपस में विवाद हो गया था, लेकिन इस विवाद को ससुराल के लोगों ने आपस में बैठकर सुलझा लिया गया। रात के वक्त राघवेंद्र अपनी पत्नी रीना और 10 साल के बेटे शिवम के साथ एक कमरे में जाकर सो गए, तभी रात्रि में अचानक 3: 30 बजे लड़की रीना व नाती शिवम की जोर-जोर से चीखने की आवाज आई तो सभी लोग जागे और कमरे में जाकर देखा तो उसका दामाद राघवेंद्र हाथों में कुल्हाड़ी लेकर बेटी रीना पर ताबड़तोड़ हमला कर रहा था।

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

कानपुर। कानपुर के पनकी इलाके में पुलिस की 25 हजार के इनामी गैंगस्टर आकाश कोष्टा से मुठभेड़ हो गई। वह एक साल से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस उसे पकड़ने कपली रेलवे अंडरपास के पास पहुंची तो उसने देखते ही फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसके बाद उसे हैलट में इलाज के लिए भर्ती कराया। एडीसीपी वेस्ट विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि महावीर नगर गंगागंज पनकी में रहने वाला आकाश कोष्टा शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआइआईआर दर्ज है। शातिर आकाश कोष्टा सचेंडी थाने का गैंगस्टर भी है। आकाश के गैंग में शामिल 6 अपराधियों को पुलिस जेल भेज चुकी है, लेकिन आकाश एक साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। मंगलवार भोर में पनकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पनकी के कपली रेलवे अंडरपास के पास घेराबंदी की तो शातिर आकाश ने पुलिस फोर्स पर सीधे फायर झोंक दिया।

## जंगल से लटका मिला ग्रामीण का शव

बिजनौर। बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके में एक ग्रामीण का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। पूरा मामला बिजनौर के कोतवाली देहात इलाके के गांव लल्लावाला का है। यहां मंगलवार को उस वक्त हड़कम्प मच गया जब एक खेत में एक ग्रामीण का शव पेड़ से लटका मिला। युवक का शव देखकर आसपास के काफी लोगों को भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्राम प्रधान ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक रविंद्र वशिष्ठ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पेड़ से उतार कर उसकी पहचान कराई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गांव सदरूद्दीन नगर के रहने वाले विनोद कुमार (35) पुत्र रामस्वरूप के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि विनोद कुमार का अपनी पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके चलते विनोद कुमार ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी थी। इसी के चलते विनोद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वहीडु इस मामले में कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक रविंद्र वशिष्ठ का कहना है कि एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कार के अंदर मिला युवक का शव



लखनऊ। लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में एल्डिको सेकेंड के संस्कृति एनक्लेव गेट नंबर चार के पास एक कार के अंदर करीब 46वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय निवासियों ने काफी देर तक कार में हलचल न होने पर डायल 112पुलिस को सूचना दी,सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे एसीपी कैंट पंकज कुमार सिंह और इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया हैं । फिलहाल पुलिस फोरेंसिक टीम के आने का इंतजार कर रही हैं । मिली जानकारी के मुताबिक,एल्डिको उद्यान सेकेंड में संस्कृति एनक्लेव के गेट नंबर चार में रोमेश विजय पॉल 72वर्ष अपनी पत्नी शकुंतला पॉल 69 वर्ष और दो बेटों सुशांत और शीरिश के साथ रहते हैं । पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ा बेटा सुशांत नशे का आदि था और बीती सोमवार की दोपहर से निकल गया था जो देर रात तक वापस नहीं लौटा था। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे कालोनी के चौकी दार ने घर आकर उन्हें सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि सुशांत की शादी 2007में हुई थी,लेकिन नशे का आदि होने की वजह से वह अपने मायके चली गई थी। कुछ महीनों बाद वह फिर वापस चली आई और उसके एक करीब 9साल की बेटी भी हैं वर्तमान समय में वह मायके में ही रह रही हैं । शव मिलने की सूचना पाकर मौके पर कालोनी वासियों की भीड़ जुट गई । मौके पर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं । पुलिस जांच पड़ताल कर रही हैं।

# पिछली सरकारों के समय गुंडे बम विस्फोट करते थे, अब बम-बम होता है : योगी

### सीएम ने बदायूं से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य व आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के लिए मांगा वोट

बदायूं। इस लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। यह अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर-हर-बम-बम होगा। हमें भी पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा-370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हो गए।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बदायूं से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य व आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। सीएम ने कहा कि बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य का नाम आते ही सपा के प्रत्याशी भागने लगे। एक आए और भाग गए, दूसरे भी आकर भागने की फिराक में हैं।



### विकसित बदायूं के लिए भाजपा को आपका आशीर्वाद आवश्यक

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन सके, इसके लिए उन्हें तीसरा कार्यकाल दीजिए क्योंकि पहले तीन वर्ष में ही मोदी जी भारत को तीसरी बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने जा रहे हैं। यह विकसित भारत की आधारशिला बनेगा। विकसित भारत के लिए विकसित यूपी, विकसित यूपी के लिए विकसित बदायूं जरूरी है। विकसित बदायूं के लिए भाजपा को आपका आशीर्वाद आवश्यक है।

### 10 वर्ष में बदलते भारत व सात वर्ष में बदलते यूपी को आपने देखा

सीएम योगी ने कहा कि आपने दस वर्ष में बदलते भारत व सात वर्ष में पीएम मोदी के मार्गदर्शन में बदलते उप्र को देखा है। 2014 के पहले की स्थितियां भी किसी से छिपी नहीं हैं। उस दौरान देश में वातावरण भयावह था। परिवारवाद के नाम पर लूट-खसोट की पूरी छूट थी। देश की राजनीति को बपौती समझकर भारत की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जाता था। गरीबों के हकों पर डकैती व उपद्रवियों को प्रश्रय दिया जाता था। रामजन्मभूमि के बारे में कोई आस्थावान कहता था तो लाठी-डंडे से प्रहार कर उसकी आवाज को बंद कर दिया जाता था, लेकिन 10 वर्ष में आतंकवाद, उग्रवाद व नक्सलवाद समाप्त हुआ है और गरीबों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### यहां की इकॉनमी की रीढ़ बनने जा रहा गंगा एक्सप्रेसवे

सीएम ने कहा कि एक तरफ हमने दो माह पहले दातागंज में कंप्रेस्ड बायो गैस के प्लांट का उद्घाटन किया और अब गंगा एक्सप्रेस वे भी उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा है। इसका कार्य युद्ध स्तर पर हो रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे यहां की इकॉनमी की रीढ़ बनने जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे लाखों रोजगार व नौकरी लेकर आएगा। आपकी कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा। इसके निर्माण के उपरांत बदायूं से प्रयागराज-दिल्ली महज तीन-तीन घंटे में पहुंच जाएंगे। औद्योगिक कलस्टर भी विकसित होंगे। यह कार्य सपा, बसपा के लोग नहीं कर पाते।

# बिजनेसमैन के नाबालिग बेटे ने 2 महिलाओं को रौंदा, मौत

### लखनऊ में ड्राइविंग सीख रहा था; 200 मीटर घसीटा, फिर दुकान में जा घुसी कार

लखनऊ। लखनऊ में मंगलवार सुबह सहरी करने जा रही 2 महिलाओं को कार ने रौंद दिया। इसके बाद महिलाएं कार में फंस गईं और करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गईं। इस दौरान उनकी मौत हो गई। शव के चिथड़े उड़ गए। वहीं, टक्कर मारने के बाद कार 2 बाइक से टकराते हुए एक दुकान में जा घुसी।

घटना सुबह 4 बजे निशातगंज मेट्रो सिटी कब्रिस्तान के पास की है। उस समय एक बिजनेसमैन का नाबालिग बेटा कार चलाना सीख रहा था। कार की रफ्तार तेज होने के कारण हादसा हुआ। हादसे के बाद वहां चीख-पुकार मच गई। लोगों ने कार समेत भागने की कोशिश कर रहे लड़के को पकड़कर पीटा। फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। कई थानों की पुलिस के साथ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और स्थानीय लोगों को शांत कराया। सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कार की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।



### सड़क पर केवल खून ही खून था

हादसे में जान गंवाने वाली शाहिदा के बेटे सानू ने बताया, सुबह 4 बजे मां और पड़ोस में रहने वाली मुमानी शबनम सहरी की तैयारी कर रही थी, तभी मेट्रो सिटी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार सफेद रंग की कार लहराती हुई आई और दोनों को टक्कर मारते हुए दो बाइक से टकराते हुए दुकान में जा घुसी।

इस दौरान मां शाहिदा और शबनम गाड़ी में फंस गईं। जिससे उनके हाथ पैर के साथ जबड़ा तक टूट गया। सड़क पर उनके खून और मांस के टुकड़े बिखरे हुए थे। उनके दांत तक टूट गए थे। आस-पास के लोगों की चीख पुकार सुनकर लोग इकट्ठा हो गए।

### पिता की गाड़ी लेकर निकला था लड़का

महानगर इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने बताया, गाड़ी निराला नगर निवासी एक बिजनेसमैन का बेटा चला रहा था। वह हाई स्कूल में पढ़ता है। पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि सुबह 4 बजे के करीब घर से गाड़ी सीखने निकला था।

वह निरालानगर से हजरतगंज होते हुए 1090 से बाईपास होते हुए घर जा रहा था। पेपर मिल कालोनी मेट्रो सिटी के पास गाड़ी के अनियंत्रित होने से हादसा हो गया। आरोपी किशोर को आरोपों के आधार पर जुवेनाइल कोर्ट में पेश कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### एयरबैग खुलने से चालक को नहीं लगी चोट

महानगर इंस्पेक्टर ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का पिछले पहिया टूट गया और आगे का हिस्सा पूरी तरह डेमैज हो गया। हालांकि एयर बैग खुलने से लड़के की जान बच गई। किराना स्टोर के मालिक अजय ने बताया, कार की टक्कर से उनकी दुकान के साथ आशा देवी की सिलाई की दुकान टूट गई।

वहीं शाहिदा के घर के बाहर खड़ी उनकी 2 बाइक भी टूट गई। शाहिदा और शबनम की मौत से इलाके में कोहराम मच गया। आस-पास के लोगों में आक्रोश को देखते हुए पुलिस और पीएसी बल को तैनात कर दिया गया। शाहिदा की मौत से उनके बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। वह यही कह रहे हैं कि अब अब्बू के बाद अम्मी भी चली गईं।

# आगरा में केमिकल कारोबारी की हत्या का एक आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा के हरिपर्वत क्षेत्र में पिछले दिनो केमिकल व्यापारी की हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि सोमवार को विजय नगर कालोनी पुलिस चौकी से महज सौ मीटर दूर केमिकल कारोबारी दिलीप गुप्ता की उनके निवास पर हत्या कर दी गयी थी। वारदात के 21 घंटे के भीतर ट्रांसपोर्ट नगर के निकट हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में पुलिस टीम की गोली लगी। पुलिस घायल बदमाश से अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। इस हत्याकांड को दिलीप गुप्ता के नौकर लोकेश ने अपने साथियों संग अंजाम दिया। बदमाशों ने दिलीप गुप्ता की हत्या करने के साथ ही उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल कर दिया था और घर से लाखों रुपये की लूटपाट कर ले गए।

पुलिस ने इस हत्याकांड के एक आरोपी राजू कुशवाह को मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग के दौरान राजू के पैर में गोली लगी। आरोपी बाइक को पार्क कर बस में सवार होकर भागने की फिराक में था। पुलिस उपायुक्त नगर सूरज राय ने बताया कि मंगलवार सुबह एक बदमाश की जानकारी मिली थी। घेराबंदी करके उसे दबोचने का प्रयास किया, लेकिन वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे उपचार के लिए एस.एन. मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। पकड़ा गया आरोपी राजू कुशवाह ऑटो चालक है। बदमाश की क्रिमिनल हिस्ट्री की पड़ताल की जा रही है।

सुल्तानगंज निवासी दिलीप गुप्ता की रावतपाड़ा में एलडीआर नाम से फर्म है। विजय नगर पुलिस चौकी के निकट मुख्य मार्ग से 50 मीटर अंदर उनका तीन मंजिला मकान है। बेसमेंट में गोदाम है। दूसरी मंजिल पर परिवार रहता है। सोमवार दोपहर में दो बजे घर में दिलीप और पत्नी लता गुप्ता मौजूद थीं। एक बेटा रजत दुकान, दूसरा बेटा सुमित बाजार गया था। दोपहर में उनका नौकर लोकेश घर आया। दिलीप से दरवाजा खुलवाया। नौकर के अंदर आते ही तीन बदमाश और आ गए। दिलीप को पीटते हुए गोदाम में ले गए। रस्सी और कपड़े से हाथ-पैर बांध दिए। वजनी हथियार से सिर में चोट पहुंचकर दिलीप गुप्ता की हत्या कर दी गई, वहीं लूटपाट का विरोध करने पर उनकी पत्नी लता को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।

शहर की प्रमुख कालोनी में दिनदहाड़े हुए इस हत्याकांड को लेकर माहौल गर्म है।

# हाईवे पर ट्रक लूटने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

### हाईवे पर ट्रक लूटते थे, ड्राइवर-खलासी को बांधकर खेत में फेंक देते थे

प्रयागराज। हाईवे पर ट्रक लूटने वाले तीन बदमाशों को यमुना नगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लुटेरे ट्रकों का पीछा करते थे। मौका पाकर ड्राइवर और खलासी को बांधकर खेतों में छोड़ देते थे और ट्रक लेकर निकल भागते थे। कुछ दिन पहले सीमेंट लदे एक ट्रक को प्रयागराज में लूटा गया था। इसी की जांच में जुटी पुलिस टीमें लुटेरों तक पहुंच गईं। लूटे गए दो ट्रक और माल बरामद हो गया है। बदमाशों ने गंगा नगर और यमुना नगर में कई और ट्रक लूटने की बात कबूल की है। यह ट्रक मध्य प्रदेश में बेचे गए। पुलिस उनका पता लगा रही है।

डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि ट्रक लूट करने वाले महमूद खां निवासी कलकोटिया थाना हरिदत्त नगर गिंरट श्रावस्ती, असांव थाना सांगीपुर प्रतापगढ़ के रहने वाले अकील और मो. नदीम निवासी दांदूपुर पड़ान थाना लीलापुर प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ से संबंधित लूटा गया एक ट्रक और शंकरगढ़ से लूटा गया दूसरा ट्रक बरामद हो गया है।

### फर्जी पेपर तैयार कर दूसरे राज्य में बेचते थे

पुलिस ने बताया कि ट्रक लूटने के बाद बदमाश माल तो बेच देते थे फिर कुछ दिनों बाद ट्रक के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे दूसरे राज्यों में बेचते थे। बदमाशों के पास से कूटरचित दस्तावेज, कंडम हुए कई ट्रकों के पेपर मिले हैं।

# मां ने हंसिया मारकर बेटी की हत्या की थी

### तहेरे भाई संग आपत्तिजनक हालत में बच्ची ने देख लिया था, कहा था- पापा को सब बता देगी

हापुड़। हापुड़ में पुलिस ने दो दिन पहले हुई 6 साल की बच्ची की हत्या का खुलासा कर दिया है। मासूम को उसकी मां ने ही मारा था। बच्ची ने मां को अपने तहेरे भाई के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उसने पिता से यह बात बताने की बात कही थी। दोनों ने उसने समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद गुस्से में मां ने हंसिया मारकर उसकी हत्या कर दी।

जांच में अहम सुराग मिलने पर पुलिस ने मां को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके प्रेमी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हंसिया, दो डंडे, हत्या के समय पहने गए कपड़ों को बरामद कर लिया। पुलिस ने महिला समेत उसके प्रेमी को जेल भेज दिया है।



### मां ने पुलिस को दी थी बच्ची के लापता होने की सूचना

यह वारदात 31 मार्च की रात करीब 7: 30 बजे की है। हापुड़ के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव जखेड़ा रहमतपुर निवासी सुलेखा ने पुलिस को सूचना दी कि उसके घर के बाहर खेल रही छह साल की बेटी काव्या संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई है। परिजन ने बच्ची को काफी तलाश किया, लेकिन कहीं पर पता नहीं चल सका। रात में करीब नौ बजे परिजन ग्रामीणों के साथ बच्ची को तलाश कर रहे थे, तभी मकान से 20 मीटर की दूर एक खंडहर में बच्ची का शव पड़ा मिला।

### बच्ची की गर्दन और पेट पर चोट के निशान

ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर एएसपी राजकुमार अग्रवाल, थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार बच्ची की गर्दन व पेट पर ऐसे निशान है, जैसे किसी तार से गले को घोटा-काटा गया हो। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### आपत्तिजनक हालत में देख पिता को बताने पर अड़ी थी

एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि पुलिस ने काव्या की मां सुलेखा और उसके तहेरे भाई अंकित को गिरफ्तार किया तो सच्चाई सामने आई। सख्ती से की गई पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग था।

दोनों को काव्या ने आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। काव्या ने मां सुलेखा को अपने तहेरे भाई अंकित के साथ देखा तो उसने कई सवाल पूछे। उसने कहा कि वह सारी बात पिता को बता देगी।


# सिपाही की पिस्टल लूटने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

### स्कूटी से जाते समय सिपाही की बाइक से टकरा गए थे, नाबालिग ने साथियों संग मारपीट की थी

लखनऊ। लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में कल्याण अपार्टमेंट के पास सोमवार देर रात सिपाही को पीट कर पिस्टल लूटने वालों को एटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। घटना को एक नाबालिग ने अपने दो साथियों के साथ अंजाम दिया था। वारदात की वजह उनकी स्कूटी का सिपाही की बाइक से टक्कर लगाना था।

### यूपी एसटीएफ ने तीनों को घर से पकड़ा

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया, सिपाही के साथ मारपीट कर



लूटपाट करने वाले तीन लोगों को एसटीएफ की टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वालों में आकाश मिश्र, शशांक मिश्र और एक नाबालिग है। यह लोग जानकीपुरम थाना क्षेत्र स्थित मड़ियांव गांव के रहने वाले हैं। इन लोगों का क्रिमिनल रिकार्ड पता लगाया जा रहा है। इनके पास से सिपाही की लूटी गई पिस्टल और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरादम कर ली गई है।

गाजीपुर थाने में तैनात सिपाही विनोद कुमार सोमवार रात दस बजे कल्याण अपार्टमेंट के पास घर जा रहे थे। इसी दौरान एक स्कूटी उनकी बाइक से टकरा गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। युवकों ने सिपाही की पिटाई करते हुए सरकारी पिस्टल छीन ली। सिपाही ने सर्विस पिस्टल लूटे जाने की सूचना थाने पर दी। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। डीसीपी अभिजीत आर शंकर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। थाना पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त सिपाही वर्दी में नहीं था। देर रात गाजीपुर थाने में इस घटना की एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

### सीसीटीवी में दिखी थी स्कूटी

पुलिस को सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर स्कूटी सवार युवकों के विषय में अहम सुराग हाथ लगे हैं। स्कूटी नंबर मिलने से तीनों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी थी।

# महोबा में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

एजेंसी

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले की सदर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को अवैध रुप से संचालित असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करके उसके कथित संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बरात पहाड़ी गाँव के निकट आबादी से दूर सूनसान इलाके में स्थित एक झोपडी में छापा मारकर शस्त्र कारखाने को पकड़ा जहाँ अवैध रूप से असलहे तैयार किये जा रहे थे। पुलिस ने मौके से 12 बोर, 315 बोर के तमंचे,12बोर एक नाली का एक बंडल, जिन्दा कारतूस व असलहा बनाने के उपकरण बरामद किये है।

उन्होने बताया कि छापे में कारखाने के तीन संचालको राजू विश्वकर्मा ,संतोष कुमार एवं ब्रज गोपाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध असलहो की मांग बढ़ जाने के चलते इनका जोर शोर से निर्माण शुरू किये जाने की बात स्वीकार की है।

## शार्ट न्यूज

### वेदांता को 1.86 करोड़ रुपये के जीएसटी डिमांड नोटिस

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए 1.86 करोड़ रुपये के जीएसटी मांग के नोटिस मिले हैं। कर अधिकारियों ने कहा है कि कंपनी उक्त लाभ लेने के लिए 'पात्र' नहीं थी। दूसरी ओर कंपनी ने कहा कि वह इन आदेशों के खिलाफ अपील दायर करेगी। वेदांता लिमिटेड ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि तमिलनाडु स्थित तिरुनेलवेली सहायक आयुक्त के कार्यालय ने जीएसटी मांग के नोटिस भेजे हैं। ये मांग वित्त वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक के लिए हैं। कुल मांग 1.86 करोड़ रुपये की है, जिसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। दूसरी ओर आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने मंगलवार को कहा कि उसे गुजरात राज्य जीएसटी विभाग से करीब 66.70 लाख रुपये की कर मांग के लिए नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इसमें 31.78 लाख रुपये का जीएसटी, 31.72 लाख रुपये का ब्याज और 3.20 लाख रुपये का जुर्माना शामिल है। गुजरात जीएसटी प्राधिकरण ने जीएसटी क्रेडिट के कथित अतिरिक्त दावे के लिए यह मांग की है। कंपनी ने कहा है कि वह अपीलीय प्राधिकारियों के सामने मामले का बचाव करेगी।

### सोना 50 रुपये फिसला, चांदी 430 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बाद दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 50 रुपये की गिरावट के साथ 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले सत्र में सोना 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी की कीमत 430 रुपए की तेजी के साथ 79,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में चांदी 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स पर स्पॉट गोल्ड का भाव दो डॉलर की गिरावट के साथ 2,255 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। पिछले सत्र में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद, मंगलवार को सोने की कीमतें थोड़ी पीछे हट गईं, क्योंकि व्यापारियों ने ठोस अमेरिकी विनिर्माण आंकड़ों के बाद ब्याज दरों को कम करने के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसले पर संदेह करना शुरू कर दिया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, इस बीच अमेरिकी डॉलर सूचकांक पांच महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी का भाव 25.55 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। चांदी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान 25.13 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा कि व्यापारियों के अनुसार सर्राफा बाजार की कीमतें सकारात्मक रूप से ऊपरी स्तरों पर बनी रहेंगी।

### चुनावी बॉन्ड पर आरटीआई के तहत मांगी गई थी जानकारी, एसबीआई ने खुलासा करने से किया इनकार

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड पर भारतीय स्टेट बैंक ने आरटीआई के तहत पूछे गए एक सवाल का जवाब देने इनकार कर दिया है। एसबीआई ने अपनी शाखाओं से जारी किए गए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए अपनी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से मना कर दिया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एक आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा, ''अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें सूचना का अधिकार कानून की धारा 8(1) (डी) के तहत छूट दी गई है।'' आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

### बायजू में 500 कर्मचारियों की छंटनी

नई दिल्ली। संकटग्रस्त एडटेक कंपनी बायजू ने लगभग 500 कर्मचारियों को निकाल दिया है। कंपनी ने बिक्री और विपणन से जुड़ी टीम में बड़े पैमाने पर छंटनी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बायजू ने फोन कॉल पर ही छंटनी शुरू कर दी है और कर्मचारियों को प्रदर्शन सुधार योजना (पीआईपी) पर रखे बिना जाने के लिए कह रही है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कंपनी कर्मचारियों को नोटिस पीरियड में काम करने के लिए भी नहीं कह रही है। सूत्रों के अनुसार बायजू की छंटनी के इस नए दौर में प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या 100 से 500 के बीच हो सकती है। छंटनी के कारण कंपनी का सेल्स डिपार्टमेंट सबसे अधिक प्रभावित हो सकता है। कंपनी ने फिलहाल छंटनी की खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पिछले दो वर्षों में, बायजू ने कम से कम 10,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। कंपनी घटती पूंजी और निवेशकों और हितधारकों के साथ कानूनी तकरार से जूझ रही है। वर्तमान में, लगभग 14,000 कर्मचारी बायजू की भारतीय इकाई के पेरोल पर हैं।

### फिर राष्ट्रपति बनने की कवायद में जुटे ट्रंप की कंपनी के शेयर फिसले, एक अरब डॉलर घटा

नई दिल्ली । अमेरिका में इस साल के अंत में होने वाले चुनावों के बाद व्हाइट हाउस में नए कार्यकाल की तैयारी में जुटे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए बाजार से एक बुरी खबर है। उनके मीडिया उद्यम, ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसके परिणामस्वरूप उनकी कुल संपत्ति में 1 बिलियन अमरीकी डालर का नुकसान हुआ। सीएनएन अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। ट्रंप की कंपनी की ओर से निराशाजनक वित्तीय आंकड़े पेश करने के बाद इसके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार उसे 58 मिलियन अमरीकी डालर से अधिक का नुकसान हुआ है। 2023 में कंपनी ने न्यूनतम राजस्व सृजन किया है। कंपनी में ट्रम्प की मेजॉरिटी ओनरशिप है, जिसके कारण कंपनी का प्रदर्शन सीधे पूर्व राष्ट्रपति की संपत्ति पर असर डालता है। कंपनी के शेयरों में हालिया गिरावट से उनकी संपत्ति में काफी नुकसान हुआ है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प मीडिया की नवीनतम नियामक फाइलिंग ने 2023 और पिछले वर्ष में अपने वित्तीय प्रदर्शन के बीच एक तेज अंतर का खुलासा किया है। जबकि कंपनी ने 2022 में 50.5 मिलियन अमरीकी डालर का लाभ दर्ज किया वहीं, 2023 में इसे 58.2 मिलियन अमरीकी डालर का भारी नुकसान हुआ। राजस्व के आंकड़े समान रूप से निराशाजनक रहे।

### विस्तारा की उड़ानें रद्द होने के मामले का डीजीसीए ने लिया संज्ञान, मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। विस्तारा एयरलाइंस की बड़ी संख्या में उड़ाने रद्द होने और उड़ानों में देरी होने पर लोगों की नाराजगी के बाद सरकार हरकत में आ गई है। विमानन सेवाओं की निगरानी करने वाला नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस मामले का संज्ञान लिया है। दरअसल, हाल के कुछ दिनों में पायलटों की अनुपलब्धता के कारण कई उड़ाने रद्द करनी पड़ी। मंगलवार को जारी बयान में डीजीसीए ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए एयरलाइन से उड़ानों के रद्द करने और देरी के लिए जानकारी और विवरण की मांग की गई है। डीजीसीए के अधिकारी भी स्थिति पर निगरानी बनाए हुए हैं। सोमवार को विस्तारा एयरलाइन की लगभग 50 उड़ानें रद्द की गई है। वहीं लगभग 160 के करीब विमान देरी से उड़े। मंगलवार को करीब 70 उड़ानें रद्द होने की आशंका है। अगर ऐसा होता है तो विस्तारा के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार, विस्तारा एयरलाइन 300 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन करती है। विमानन कंपनी प्रभावित यात्रियों का बैकलॉग हटाने के लिए घरेलू मार्गों पर बड़े आकार के ड्रीमलाइनर और एयरबस ए321 तैनात करने की योजना बना रही है। एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइंस के विलय के तहत दोनों कंपनियों के क्रू को एक सैलरी स्ट्रक्चर के तहत लाने की तैयारी हो रही है।

# सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पिछले दिवस के रिकॉर्ड भाव पर कोटक बैंक, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 73,903.91 अंक पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 8.70 अंक फिसलकर 22,453.30 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिसने बाजार को थामा। इस दौरान मिडकैप 1.14 प्रतिशत की छलांग लगाकर 40,424.61 अंक और स्मॉलकैप 1.28 प्रतिशत उछलकर 45,023.06 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3959 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2848 में लिवाली जबकि 1004 में बिकवाली हुई वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि शेष 22 लाल निशान पर रही।

बीएसई में आईटी, टेक, दूरसंचार और बैंकिंग समूहों की 0.71 प्रतिशत तक गिरावट को छोड़कर शेष 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.17, ऊर्जा 1.03, इंडस्ट्रियल्स 0.94, यूटिलिटीज 1.21, ऑटो 1.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.82, धातु 1.42, तेल एवं गैस 1.53,



रियल्टी 1.03 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.56 प्रतिशत चढ़े।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.43, जर्मनी का डैक्स 0.01, जापान का निक्केई 0.09, हांगकांग का हैंगसेंग 2.36 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.19 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स आठ अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,022.30 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,099.78 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद यह 73,743.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,014.55 अंक के मुकाबले 0.15 प्रतिशत उतरकर 73,903.91 अंक रह गया।

वहीं, निफ्टी तीन अंक फिसलकर 22,458.80 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 22,497.60 अंक के उच्चतम जबकि 22,388.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,462.00 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत गिरकर 22,453.30 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें कोटक बैंक 1.84, एचसीएल टेक 1.82, आईसीआईसीआई बैंक 1.52, सन फार्मा 0.90, इंफ़ोसिस 0.84, टीसीएस 0.83, एलटी 0.78, विप्रो 0.78, भारती एयरटेल 0.77, टेक महिंद्रा 0.65, बजाज फाइनेंस 0.57, आईटीसी 0.20, एक्सिस बैंक 0.18, पावरग्रिड 0.18, मारुति 0.15 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.01 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.95, नेस्ले इंडिया 1.42, टाटा मोटर्स 1.23, एसबीआई 1.21, इंडसइंड बैंक 1.11, टाटा स्टील 0.95, एनटीपीसी 0.86, अल्ट्रासिमको 0.84, बजाज फिन सर्व 0.72, एचडीएफसी बैंक 0.67, टाइटन 0.50, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, एशियन पेंट 0.07 और रिलायंस के शेयर 0.06 प्रतिशत लाभ में रहे।

# अमेजन पर होम, किचन कैटेगरी में यूपी सबसे तेजी से बढता बाजार

लखनऊ। आनलाइन बाजार की ओर ग्राहकों के तेजी से बढ़ते रुझान के बीच अमेजन डॉट इन ने मंगलवार को होम और किचन कैटेगरी में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन की घोषणा की है।

अमेजन डॉट इन ने उत्तर प्रदेश में नए ग्राहकों की संख्या में भी दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है। अधिकांश नए ग्राहक टियर-2 और इससे नीचे के शहरों से जुड़ रहे हैं। कंपनी ने उत्तर प्रदेश को अमेजन डॉट इन के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक बताया है, राज्य से आने वाली कुल मांग में लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक है।

लखनऊ के ग्राहक फर्नीचर, फिटनेस प्रोडक्ट्स, बाथरूम प्रोडक्ट्स, डीआईवाई वॉल पेंट्स और




प्रीमियम किचन एप्लाएंसेस की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। बिजली की बचत करने वाले एप्लाएंसेस, सोलर पैनल, पानी बचाने वाले वाटर प्यूरीफायर्स जैसे टिकाऊ उत्पादों के लिए भी लखनऊ में दो गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

अमेजन डॉट इन ने आज लखनऊ में एक दिवसीय कार्यक्रम के जरिये क्षेत्र की सफलता का जश्न मनाया। प्रदर्शनी में फर्नीचर, घर का जरूरी सामान, किचन एप्लाएंसेस, होम डेकोर और लाइटिंग, स्पोर्ट एंड फिटनेस, ईवी और व्हीकल एक्सेसरीज, आउटडोर और गार्डेनिंग उत्पाद आदि का प्रदर्शन शामिल था।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, केएन श्रीकांत, डायरेक्टर, होम, किचन एंड आउटडोर्स, अमेजन इंडिया, ने कहा, अमेजन डॉट इन के लिए उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम राज्य के सभी 70 जिलों और सभी सेवा योग्य पिनकोड पर डिलीवरी कर रहे हैं।

राज्य के ग्राहकों से मिले प्यार का जश्न मनाने के लिए हम लखनऊ में अमेजन डॉट इन के होम एंड किचन एक्सपीरिएंस एरेना को पेश करते हुए काफी रोमांचित हैं। भारत के सबसे पसंदीदा मार्केटप्लेस के रूप में, हम एक असाधारण ग्राहक अनुभव और हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से हर मुस्कार की अपनी दुकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए शॉपिंग सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए, अमेजन डॉट इन ने हाल ही में फैन, लाइटिंग, किचन और बाथ एक्सेसरीज के लिए भी अपनी इंस्टॉलेजशन सर्विस का विस्तार किया है। फैन, किचन एंड बाथ एक्सेसरीज, चेयर्स आदि पर इंस्टॉलेशन सर्विस पहले से ही उपलब्ध थी।

इसके अलावा, भारत के सबसे पसंदीदा ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर ईवी की उपलब्धता के कारण, उत्तर प्रदेश के ग्राहकों की ओर से हीरो विडा और बजाज चेतक जैसे ब्रांड्स के इलेक्ट्रिक वाहनों की मजबूत मांग देखी जा रही है।

## स्कोडा को नयी एसयूवी के नाम के लिए मिले 1.50 लाख सुझाव

नयी दिल्ली 02 अप्रैल (वार्ता) यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए लोगों ने 1.50 लाख से अधिक नाम सुझाये हैं जिसमें से 21 हजार एकदम नये और अनोखे नाम है। कंपनी ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने ग्राहकों के साथ जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है। इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पेट्र जेनेबा ने कहा, लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि हमारे उत्पादों और सेवायें उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे। अभी तक कंपनी को नेम योर स्कोडा अभियान के तहत अपनी जल्द ही लॉन्च होने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए 1,50,000 एंट्रीज या नामों के सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान से ग्राहक, उपभोक्ताओं और स्कोडा के फैंस कंपनी से अपना जुड़ाव और कंपनी की नई पहल में शामिल होने में कामयाब हुए हैं। इसके तहत उपभोक्ताओं को स्कोडा ऑटो इंडिया की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए नए नाम का सुझाव दिया। कंपनी की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी 2025 में भारत की सड़कों पर दौड़ेगी। इसके नतीजे के तौर पर कंपनी को अभी तक अपनी नई कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए 1,50,000 से ज्यादा नाम मिले हैं, जिसमें से 21 हजार बिल्कुल नए और अनोखे नाम है।

## राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024 पर ट्राई का परामर्श-पत्र जारी

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'राष्ट्रीय प्रसारण नीति-2024' के लिये लोगों के सुझाव आमंत्रित करने के वास्ते मंगलवार को एक परामर्श पत्र जारी किया है।

इस परामर्श पत्र में भारत को एक 'वैश्विक सामग्री केंद्र' बनाने के उद्देश्य से प्रसारण क्षेत्र में प्रचलित संगत मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है।

परामर्श पत्र में नीति और विनियामक उपायों तथा सार्वभौमिक पहुंच के माध्यम से अर्थव्यवस्था में योगदान बढ़ाने, अनुसंधान और विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुये नवाचार को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्टार्ट-अप संवर्धन के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर प्रश्न उठाये गये हैं।

दूरसंचार मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिनांक 13 जुलाई, 2023 के एक संदर्भ के माध्यम से ट्राई से राष्ट्रीय प्रसारण नीति तैयार करने के लिए सुविचारित सुझाव देने का अनुरोध किया था। इसी क्रम में ट्राई ने 21 सितंबर 2023 को एक पूर्व-परामर्श पत्र जारी किया जिसपर ट्राई को 28 टिप्पणियां प्राप्त हुई थीं।

विज्ञप्ति के अनुसार इस परामर्श पत्र में उठाये गये मुद्दों पर लिखित टिप्पणियां हितधारकों से 30 अप्रैल 2024 तक आमंत्रित की जाती हैं।

## यूपी में नगर निगमों ने राजस्व संग्रह में की 133 फीसद की वृद्धि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग के अंतर्गत नगर निगमों द्वारा कुल कर और राजस्व संग्रह में वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 133 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में कुल राजस्व संग्रह 2340.35 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 3102.08 करोड़ रुपये हो गया है। नगर निगमों ने कर राजस्व, विज्ञापन, दुकान किराया, नामांतरण, डॉग लाइसेंस, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन संग्रह और फूड वैन/कैंटीन यूजर चार्जेज जैसे विभिन्न टाइटल्स के अंतर्गत अपने राजस्व में वृद्धि दर्ज की है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत वर्ष नगर निगमों में बोर्ड के गठन के बाद सभी महापौर के साथ बैठक में राजस्व संग्रह बढ़ने के लिए कदम उठाने को कहा था।

सूत्रों के अनुसार कर राजस्व में, नगर निगमों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1,585.59 करोड़ रुपए का संग्रहण किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 124.8 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। विज्ञापन मद के अंतर्गत, राजस्व 7,817.08 लाख रुपए तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है। दुकान किराया से संग्रहण 3,174.74 लाख रुपए रहा, जबकि नामांतरण से 7,446.26 लाख रुपए संग्रहित किए गए। कुत्ते के लाइसेंस के तहत राजस्व 85.62 लाख रुपए रहा। सिंगल यूज प्लास्टिक बैन संग्रह से 716.10 लाख रुपए और फूड वैन/कैंटीन यूजर चार्जेज से 2722.63 लाख रुपए का संग्रहण किया गया।

उन्होने बताया कि राजस्व संग्रह में इस वृद्धि का श्रेय विभाग द्वारा अपनाई गई नीतियों और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग को दिया जा सकता है। विभाग ने संपत्ति कर संग्रह और बिल भुगतान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग पर बल दिया है।

इसके अलावा, विभाग ने राजस्व संग्रह में सुधार के लिए क्षेत्र-वार निगरानी भी शुरू की है। इसके साथ, विभाग ने जीआईएस आधारित सर्वेक्षण की तकनीक का उपयोग करते हुए राजस्व संग्रह में सुधार के लिए क्षेत्र-वार निगरानी भी शुरू की है।

सूत्रों ने बताया कि राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए विभाग ने कई स्ट्रेटजी अपनाई हैं। इनमें राजस्व आधारित योजनाएं, सीएम ग्रिड्स, समय से कर भरने वालों के लिए अनुदान, योजनाएं, दंडात्मक कार्रवाई और करदाता जागरूकता अभियान जैसी पहलों के कारण, उत्तर प्रदेश में नगर निगमों द्वारा राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे विभाग को शहरों में बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा। इस प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग द्वारा समय-समय पर समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें नगर निगमों और जल संस्थानों के कार्यप्रणाली, राजस्व संग्रहण लक्ष्यों की प्रगति, और नवीन उपायों के प्रभाव की गहन समीक्षा की गई। इन बैठकों में राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को अधिक तेज और कुशल बनाने के लिए विशेषज्ञ सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, फिनकेयर एसएफबी का विलय प्रभावी

मुंबई। सूक्ष्म ऋण का कारोबार करने वाले एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने कहा है कि फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (फिनकेयर एसएफबी) का उसके साथ एकीकरण की प्रक्रिया पूरी हो गयी है।

बैंक के एक बयान के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा इस 04 मार्च को जारी निर्देशों के अनुसार यह विलय पहली अप्रैल से प्रभावी हुआ है। बैंक ने कहा है कि इस एकीकरण से उन्हें भौगोलिक उपस्थिति मजबूत करने, अलग-अलग खंड के ग्राहकों की अच्छी सेवा करने और ज्यादा उत्पाद पेशकश करने का लाभ मिलेगा और वे अखिल भारतीय स्तर पर एक रिटेल बैंकिंग फ्रेंचाइजी स्थापित कर सकेंगे।

पूरी तरह शेयरों के लेन-देन के आधार पर इस विलय के करार की घोषणा 29 अक्टूबर, 2023 को की गई थी। इसके तहत फिनकेयर एसएफबी के शेयरधारकों को उनके हर 2000 शेयर के लिए एयू एसएफबी के 579 शेयर मिलेंगे।

इससे पहले इस करार को 23 जनवरी, 2024 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी मिली थी।

विज्ञप्ति के मुताबिक इस विलय के बाद एयू एसएफबी का ग्राहक आधार एक करोड़ से अधिक हो जाएगा और उसके कर्मचारियों की संख्या 43,500 से अधिक हो जाएगी। इस बैंक की अब 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2,350 से अधिक स्थानों पर मजबूत भौतिक उपस्थिति बन गया है।

बैंक के पास जमा राशि का आधार 89,854 करोड़ रुपये और ( 31 दिसंबर, 2023 की स्थिति के अनुसार) बैंक के लेखा-जोखा 1,16,695 करोड़ रुपये हो गया है।

फिनकेयर एसएफबी के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजीव यादव को एयू एसएफबी के डिप्टी सीईओ के रूप में नामित किया गया है। इसके अलावा, एयू एसएफबी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उत्तम टिबरेवाल को एयू एसएफबी के उप-मुख्य अधिशासी अधिकारी और अधिशासी निदेशक बनाया गया है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक प्रबंध निदेशक एंव मुख्य अधिशासी, संजय अग्रवाल ने कहा, यह विलय न केवल दो संस्थाओं के एकीकरण का प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारत में बैंकिंग में श्रेष्ठता को फिर से परिभाषित करने के लिए हमारी साझा दृष्टि का भी प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने इस विलय को तेजी से मंजूरी प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार, रिजर्व बैंक और विनियामकीय संस्थाओं के प्रति आभार जताया।

### पीपलको ने लांच किया इन्वेस्टिंग ऐप लेमन

बेंगलुरु। उद्यमियों आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी के ब्रांड पीपलको ने स्टॉक इन्वेस्टिंग ऐप लेमन को आज लाँच करने की घोषणा की। पीपलको के सह संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ आशीष सिंघल ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में इसे लाँच करते हुये कहा कि यह ऐप नए निवेशकों के लिए स्टॉक ढूंढने और निवेश का फैसला लेने की प्रक्रिया को आसान बनाएगा। उन्होंने कहा हम सभी के लिए पैसा बनाने की प्रक्रिया को एक समान बनाना चाहते हैं, ताकि भारत सम्पत्ति बनाने के लिए सही प्रोडक्ट चुन कर सशक्त बन सके। लेमन अपने यूजरों के पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर भारत की विकास की कहानी में योगदान देगा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी लाखों भारतीयों के लिए शेयर बाजार को समझना मुश्किल है। महामारी के बाद विकास के बावजूद केवल 6 फीसदी भारतीय ही शेयर बाजार में निवेश करते हैं। हम स्टॉक में निवेश को आकर्षण, सरल एवं सूचनाप्रद बनाकर इस अंतर को दूर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 3 महीने के लिए ज़ीरो-ट्रेडिंग ब्रोकरेज और अकाउन्ट खोलने के लिए ज़ीरो शुल्क लिया जायेगा।

## हायर इंडिया ने लाँच की सुपर हेवी-ड्यूटी एसी रेंज

नयी दिल्ली। एप्लायंस ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि हेक्सा इन्वर्टर और सुपरसोनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ यह नई रेंज 20 गुना तेज कूलिंग और 65 प्रतिशत बिजली की बचत करने में सक्षम है। नई रेंज मार्केट में एक हाई स्टैंडर्ड सेट करती है क्योंकि हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी केवल 10 सेकंड में सुपर सोनिक कूलिंग, फ्रॉस्टसेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी और इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसे एडवान्स फीचरों पर आधारित है। गर्मी में क्विक कूलिंग की मांग को पूरा करने और ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नई रेंज इनोवेशन, डिजाइन और ऊर्जा कुशलता को संगठित रूप से एकीकृत करती है। उसने कहा कि हायर 5 साल की पूरी वारंटी की पेशकश कर रहा है जिसमें 15,990 रुपये की गैस चार्जिंग, 8,000 रुपये तक का कैशबैक, 1500 रुपये कीमत का फ्री स्टेंडर्ड इंस्टॉलेशन और 12 साल के लिए कंप्रेसर वारंटी भी शामिल है। नई रेंज प्रमुख ऑफलाइन और ऑनलाइन स्टोरों पर




49,990 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होगी।

कंपनी के अध्यक्ष एन एस सतीश ने लॉन्च पर कहा, हायर में, हम नई टेक्नोलॉजी आधारित उत्पादों को डिजाइन करने में विश्वास करते हैं, जो हमारे ग्राहकों के जीवन को आसान, सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। भारत एक्सट्रीम वेदर का अनुभव करता है, विशेषकर भीषण गर्मियों में। इन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए हमने अत्यधिक तापमान में सुपर कूलिंग सुनिश्चित करने और यहां तक कि आराम, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को अधिकतम करने के लिए हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी के साथ इनर्जी सेविंग का ख्याल रखने के लिए सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की नई रेंज डिजाइन की है।

# शार्ट न्यूज

## भारतीय फुटबॉल महसंघ की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने दो दिन की ढिलाई के बाद आखिरकार मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन विमेंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था। शर्मा को गोवा पुलिस ने गिरफ्तार किया था लेकिन बाद में जमानत पर छोड़ दिया। एआईएफएफ ने एक रिलीज में कहा- एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक फुटबॉल संबंधित सभी गतिविधियों से निलंबित करने का फैसला किया है। इससे पहले एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे, उपाध्यक्ष एन ए हैरिस और कोषाध्यक्ष किपा अजय ने सोमवार को शर्मा के खिलाफ खिलाड़ियों की शिकायतों पर गौर किया जिसके बाद एआईएफएफ के सदस्य संघों की बैठक बुलाई गई। बैठक में शर्मा का पक्ष सुनने के बाद उन्हें बैठक से जाने के लिए कहा गया। शिकायत में महिला खिलाड़ियों ने कहा था कि शर्मा नशे की हालत में थे और अब उन्हें जान का खतरा लग रहा है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी एआईएफएफ से तुरंत और कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा था ।

## गोल्फ टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जीव मिल्खा सिंह

चंडीगढ़ । भारत में गोल्फ के खेल के इतिहास में यह पहली बार होने जा रहा है जब एक पिता और पुत्र एक साथ बड़े गोल्फ टूर्नामेंट में एक साथ गोल्फ कोर्स पर खेलते हुए नजर आएंगे। एक करोड़ की इनामी राशि वाला चंडीगढ़ ओपन 2024 गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में 3 – 6 अप्रैल तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में चंडीगढ़ के गोल्फर और पद्मश्री जीव मिल्खा सिंह (52) और उनके बेटे हरजय मिल्खा सिंह (14) एक साथ खेलेंगे। जीव मिल्खा सिंह प्रोफेशनल कैटेगरी और उनका बेटा हरजय मिल्खा सिंह एमेच्योर कैटेगरी में खेलेगा। विदेशी गोल्फर्स में श्रीलंका के एन थंगाराजा और के प्रबागरन, बांग्लादेश के जमाल हुसैन और बबल हुसैन, एंडोरा के केविन स्टीव रिगेल, अमेरिका के वरुण चोपड़ा सहित पीजीटीआई क्वालिफांइग स्कूल विजेता चिली के मितियास डोमिनगुऐज, नेपाल के सुभाष तमांग, ईटली के मिशेल ओरटोलानी और चेक गणराज्य के स्टीपन हिस्सा लेंगे। वहीं अमेच्योर में हरजय मिल्खा सिंह के साथ दो अन्य एमेच्योर खिलाड़ी अयान गुप्ता और राम सिंह मान चंडीगढ़ से हैं वह भी खेलेंगे। बेटे के साथ खेलने के बारे में जीव मिल्खा सिंह ने कहा कि यह टूर्नामेंट मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा यादगार वाला और स्पेशल रहने वाला है। पहली बार मैं अपने बेटे के साथ एक ही टूर्नामेंट में शिरकत करने जा रहा हूं। मैं उस पल के लिए पहले से ही काफी उत्साहित हूं।

## टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे बेन स्टोक्स

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स जून में होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे। टीम मैनेजमेंट ने बताया कि स्टोक्स ने सिलेक्शन के लिए अपना नाम वापस ले लिया है। स्टोक्स इंग्लैड की 2022 वर्ल्ड कप विनिंग टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने अर्धशतक लगाते हुए टीम के लिए विजयी रन भी बनाया था। इंग्लैंड ने स्ट्टल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। स्टोक्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के बाद से एक भी टी-20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान में स्टोक्स ने कहा, मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में एक ऑलराउंडर के रूप में वापसी करने के लिए अपनी गेंदबाजी से जुड़ी फिटनेस पर लगातार ध्यान दे रहा हूं। स्टोक्स आगे बोले, आईपीएल और वर्ल्ड से बाहर होने का फैसला उम्मीद है कि मेरे लिए वर्ल्डकप एक बलिदान होगा जो मुझे आने वाले फ्यूचर में एक बेहतर ऑलराउंडर बनने में मदद करेगा। आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका के 9 शहरों में खेला जाएगा। स्टोक्स बोले, भारत के हालिया टेस्ट दौरे पर पता चला कि मैं गेंदबाजी में कितना पीछे हो गया हूं। मैं हमारे टेस्ट समर की शुरुआत से पहले काउंटी चैम्पियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैं टी-20 वर्ल्ड कप टीम के कप्तान जोस बटलर, मैथ्यू मॉट और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## दूसरे टेस्ट मैच में बंगलादेश हार की कगार पर

चटगांव। बंगलादेश दूसरे टेस्ट मैच के आज दूसरी पारी में 268 रन के स्कोर पर सात विकेट गवांकर हार की कगार पर खड़ा है।जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय मेहदी हसन मिराज नाबाद 44 रन और तैजुल इस्लाम 10 नाबाद रन बनाकर हार टालने के लिए संघर्ष करते नजर आये। श्रीलंका के लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या और कामिंडु मेंडिस ने दो-दो विकेट झटक कर बंगलादेश को हार की कगार तक पहुंचा दिया है। इससे पहले श्रीलंका ने कल के छह विकेट पर 102 रन से आगे खेलते एक और विकेट गवां कर 55 रन जोड़ने के बाद बढ़त के 510 रन होने पर पारी घोषित कर दी। 511 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के बल्लेबाजों ने पिच पर टिकने के प्रयास किया। लेकिन श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे उनकी एक नहीं चली। मोमिनुल हक 50 रन, लिटन कुमार दास 38 रन, शाकिब अल हसन 36 रन, नजमुल शान्तो 20 रन और ज़ाकिर हसन 19 रन बनाकर आउट हुये। सातवें विकेट के रूप में शहादत हुसैन 15 रन को कामिंडु ने पगबाधा आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने तक बंगलादेश ने 64 ओवरों में सात विकेट पर 268 रन बना लिये है और उसे अभी जीत के लिए 243 रनों की जरूरत है। उसके पास मात्र तीन विकेट शेष है। टेस्ट मैच के तीसरे दिन श्रीलंकाई गेंदबाजों असिथा फर्नांडो के चार विकेट, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या ने दो-दो विकेट चटाते हुए बंगलादेश की पहली पारी को 178 रन पर समेट दिया। उसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई।

## अल सिसी ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ



काहिरा। मिस्र में श्री अब्देल फतेह अल सिसी ने मंगलवार को लगातार 2030 तक के तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली। सरकार की ओर से संचालित नीले टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। मिस्र की नयी प्रशासनिक राजधानी अल-इमा अल-इदारिया अल-गदिदा स्थित संसद मुख्यालय में आयोजित समारोह में श्री अल सिसी ने 'गणतांत्रिक प्रणाली की रक्षा करने, संविधान और कानून का सम्मान करने, लोगों के हितों की रक्षा करने तथा राष्ट्र की स्वतंत्रता और एकता को बनाए रखने की शपथ ली।' अल सिसी ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अपने संबोधन में कहा, मैं राष्ट्र-निर्माण की यात्रा जारी रखने और आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण में देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता राष्ट्र की सुरक्षा की रक्षा करना और 'हिंसाग्रस्त क्षेत्रीय स्थित में' विकास और प्रगति हासिल करना है। उन्होंने कहा कि 'संकट की स्थिति में मिस्र के आर्थिक संसाधनों में वृद्धि करने के लिए' सरकार रणनीति तैयार कर रही है। उन्होंने कहा,हम विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने पर काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री अल सिसी ने दिसंबर 2023 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की थी। उन्हें 89.6 फीसदी मत मिला था। वर्ष 2014 में निर्मित और 2019 में संसोधित मिस्र के संविधान के मुताबिक श्री अल सिसी छह साल तक यानी 2024 से 2030 राष्ट्रपति पद पर बने रहेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बंगलादेश को 54 रनों से हराया




मीरपुर। जॉर्जिया वेयरहम 57 रनों की अर्धशतकीय और ग्रेस हैरिस के 43 रनों की शानदार पारियों के बाद एश्ली गार्डनर और सोफी मोलिन्यू की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बंगलादेश को 54 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 2-0 से बढ़त बना ली है।

बंगलादेश की टीम 168 रनों के लक्ष्य पीछा करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 103 रन ही बना सकी और मुकाबला 54 रन से हार गई। बंगलादेश की सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने टीम के लिए 25 गेंदों में सर्वाधिक 27 रन बनाये। शोरना अख्तर ने 17 गेंदों में 21 रनों की पारी खेली। फातिमा खातून 15 रन बनाकर आउट हुई राबेया खान 14 रन नाबाद रही। उसके सात बल्लेबाजों का स्कोर दहाई अंक से कम रहा। एश्ली गार्डनर ने 17 रन देकर तीन विकेट और सोफी मोलिन्यू ने 10 रन देकर तीन विकेट झटके। मेगन शूट ने दो बल्लेबाजों को आउट किया और जॉर्जिया वेयरहम को एक विकेट मिला।

आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया वेयरहम की 30 गेंदों में 57 रनों की अर्धशतकीय और ग्रेस हैरिस की 34 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारियों के दम पर आठ विकेट पर 168 रन का स्कोर खड़ा किया था। एलिस पेरी ने 22 गेंदों में 29 रन और तालिया मैक्ग्रा 19 रनों की पारी खेली। उसके पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके थे। बंगलादेश की ओर से फरीहा तृस्ना ने चार विकेट लिये। नाहिदा अख्तर और फहिमा खातून ने दो-दो विकेट लिये।

## सारण के रणवीर कुमार ने नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल



**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रिविलिंग थाना क्षेत्र निवासी रणवीर कुमार ने नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। रिविलगंज थाना क्षेत्र के समसुद्दीनपुर गांव निवासी सेवानिवृत सेना जवान रमेश राय के पुत्र रणवीर कुमार ने 58 किलो भार में दूसरा स्थान हासिल किया है इस प्रतियोगिता का आयोजन सम्बो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा महेंद्रगढ़ में पिछले दिनों किया गया था। रणबीर कुमार इंटरनेशनल स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट के बीबीए 2021-24 बैच का छात्र है। नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में रणवीर ने इंटरनेशनल स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट का प्रतिनिधित्व किया था।

## आईपीएल की पांच टीमो का बिसलरी बना हाइड्रेशन पार्टनर




नई दिल्ली। देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा। इन-स्टेडियम ब्राण्डिंग, प्रोडक्ट अनुभव और शानदार एक्सपेरिएंशल चीजों के साथ ग्राहकों को एक शानदार अनुभव भी प्रदान करने वाले हैं।'' तुषार ने बताया, इसके बाद हम अपनी साझेदार टीमों और इंफ्लूएंसर्स को दर्शाते हुए रोचक डिजिटल कंटेंट भी पेश करेंगे। इसके साथ ही ग्राहकों के लिए कॉन्टेस्ट भी आयोजित किए जाएंगे। हमारे बिसलरी ट्रक पूरे देशभर में घूमेंगे और उन पर हमारे कैम्पेन प्रदर्शित होंगे। उत्साह को और बढ़ाने के लिए हम अपने रिटेल साझेदारों को पीओएसएम सामग्री भी भेजेंगे। साथ ही जबर्दस्त मीडिया साझेदारी के लिए स्टार स्पोर्ट्स के साथ भी गठबंधन करेंगे और अपने नए टीवी विज्ञापन कैम्पेन का प्रसार करने का काम करेंगे।

## विषम परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने की आदत है : पराग



मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रियान पराग ने कहा कि उन्हें विषम परिस्थितियों में बल्लेबाजी आदत है और वह घरेलू क्रिकेट में ऐसा लगातार करते आ रहे है।

मुंबई इंडियंस को कल छह विकेट से हराने के बाद पराग ने कहा, मैं घरेलू क्रिकेट में ऐसी ही परिस्थितियों में बल्लेबाजी करता हूं। जॉस बटलर के आउट होने के बाद रविचंद्रन अश्विन भी आउट हो गए थे। इसके बाद मैंने यही सोचा कि यह कुछ ऐसा है जो मैं घरेलू क्रिकेट में पिछले छह महीने से करते आ रहा हूं।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराकर इस सत्र में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस मैच में रियान पराग ऐसे समय बल्लेबाजी करने आए जब 126 का पीछा करने उतरी राजस्थान ने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए थे।

## 17 अप्रैल को रामनवमी, कोलकाता पुलिस के कहने पर मैच एक दिन पहले

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के दो मैचों को रीशेड्यूल किया है। 17 अप्रैल को ईडन गार्डन में होने वाला कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच अब 16 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 16 अप्रैल को होने वाला मुकाबला, अब 17 अप्रैल को होगा। ये बदलाव कोलकाता पुलिस के कहने पर हुआ है।

## पारिवारिक कारणों से दिनेश चांदीमल ने चटगांव टेस्ट बीच में छोड़ा



चटगांव। पारिवारिक चिकित्सीय आपतस्थिति के कारण श्रीलंका के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल टेस्ट मैच के चौथे दिन स्वदेश लौटना पड़ा है।

मैच के तीसरे दिन चांदीमल आउट हो गए थे। ऐसे में श्रीलंकाई टीम उनकी जगह पर किसी स्थानपन्न क्षेत्ररक्षक के साथ मैदान में उतरेगी। चांदीमल ने पहली पारी में अर्धशतक बनाया था वहीं दूसरी पारी में नौ रन पर आउट हो गये थे। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, वह तत्काल प्रभाव से घर लौटेंगे। इस मुश्किल घड़ी में श्रीलंका क्रिकेट, टीम के तमाम खिलाड़ी और स्पोर्टिंग स्टाफ सभी चांदीमल के साथ खड़े हैं। हम लोगों से उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह करते हैं। मैच के चौथे दिन आज श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन पर पारी घोषित कर दी है। और पहली पारी के आधार पर श्रीलंका की कुल बढत 510 हो गई है। बंगलादेश को यह टेस्ट मैच जीतने के लिए 511 रन बनाने है। बंगलादेश की टीम दूसरी पारी में चौथे दिन 83 रन पर दो विकेट गवां कर संघर्ष कर रही है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में श्रीलंका इस समय 1-0 से आगे है।

# अरुणाचल में नाम बदलना बेतुका : विदेश मंत्रालय

### इससे सच्चाई नहीं बदलेगी; जयशंकर बोले- LAC पर सेना तैनात, जानती है कब-क्या करना है

3सूरत। चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश को अपना बताने के दावे पर मंगलवार को विदेश मंत्रालय का बयान सामने आया। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने जैसी बेतुकी हरकत करता आया है। हम इनको खारिज करते हैं। नाम बदलने से अरुणाचल की सच्चाई नहीं बदलेगी। वो हमेशा से भारत का अभिन्न अंग था और हमेशा रहेगा।

इससे पहले सोमवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था, अगर आज मैं किसी घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का राज्य था, है और रहेगा। नाम बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

गुजरात के सूरत शहर में कॉर्पोरेट समिट 2024 के दौरान विदेश मंत्री से लद्दाख में चीन के अतिक्रमण के दावे पर भी सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, हमारी सेना लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानीस्ष्ट पर तैनात है। उन्हें पता है कि कब क्या करना है।



#### चीन ने अरुणाचल की 11 जगहों के नाम बदले थे

दरअसल, सोमवार को चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताते हुए वहां के 30 जगहों के नाम बदले थे। इनमें 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, 4 नदियां, एक तालाब और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता शामिल है।

हॉन्गकॉन्ग मीडिया हाउस साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, चीन ने इन जगहों के नाम क्या रखे गए हैं, इस बारे में जानकारी नहीं दी गई थी। नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया गया था। पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार है , जब चीन ने अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदले हैं।

इससे पहले पिछले साल अप्रैल में भी चीन ने अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नए नामों के साथ एक नक्शा जारी किया। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे।

#### नाम बदलने के पीछे चीन का क्या दावा है...

चीन अरुणाचल को भी जांगनान कहता है। वह इसे दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा मानता है। चीन का आरोप है कि भारत ने उसके इलाके कब्ज करके उसे अरुणाचल प्रदेश बना दिया। चीन अरुणाचल के इलाकों के नाम क्यों बदलता है इसका अंदाजा वहां के एक रिसर्चर के बयान से लगाया जा सकता है।

2015 में चाइनीज एकेडमी ऑफ सोशल साइंस के रिसर्चर झांग योंगपान ने ग्लोबल टाइम्स को कहा था, जिन जगहों के नाम बदले गए हैं वो कई सौ सालों से हैं। चीन का इन जगहों का नाम बदलना बिल्कुल जायज है। पुराने समय में जांगनान ( चीन में अरुणाचल को दिया नाम) के इलाकों के नाम केंद्रीय या स्थानीय सरकारें ही रखती थीं।

इसके अलावा इलाके के जातीय समुदाय जैसे तिब्बती, लाहोबा, मोंबा भी अपने अनुसार जगहों के नाम बदलते रहते थे। जब जैंगनेम पर भारत ने गैर कानूनी तरीके से कब्जा जमाया तो वहां की सरकार ने गैर कानूनी तरीकों से जगहों के नाम भी बदल दिए। झांग ने ये भी कहा था कि अरुणाचल के इलाकों के नाम बदलने का हक केवल चीन को होना चाहिए।

#### अरुणाचल प्रदेश को चीन इतना अहम क्यों मानता है?

अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा राज्य है। नॉर्थ और नॉर्थ वेस्ट में तिब्बत, वेस्ट में भूटान और ईस्ट में म्यांमार के साथ यह अपनी सीमा साझा करता है। अरुणाचल प्रदेश को पूर्वोत्तर का सुरक्षा कवच कहा जाता है।

चीन का दावा तो पूरे अरुणाचल पर है, लेकिन उसका फोकस तवांग जिले पर है। तवांग अरुणाचल के नॉर्थ-वेस्ट में हैं, जहां पर भूटान और तिब्बत की सीमाएं हैं।

# फिनलैंड के स्कूल में फायरिंग : एक स्टूडेंट की मौत, दो घायल

हेलसिंकी। फिनलैंड के एक स्कूल में मंगलवार को फायरिंग हुई। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक- इसमें एक स्टूडेंट की मौत हो गई है। दो घायल हैं। 12 साल के हमलावर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मारे गए छात्र की उम्र 12 साल बताई गई है। आरोपी और मरने वाला छात्र एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। फायरिंग के बाद हमलावर भाग गया था, लेकिन पुलिस ने कुछ देर बाद उसे हिरासत में ले लिया। घटना राजधानी हेलसिंकी के एक सबअर्बन यानी उपनगरीय इलाके में हुई।

#### रिश्तेदार की गन लाया था हमलावर

लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- घटना सुबह 9 बजे विरतोला स्कूल में हुई। स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन ने पुलिस को फोन किया। आरोपी छात्र अपने किसी रिश्तेदार की लाइसेंस्ड हैंडगन लेकर आया था।

पुलिस के मुताबिक- घटना की जांच जारी है। अब तक यह साफ नहीं है कि आरोपी ने फायरिंग क्यों की ? आरोपी के खिलाफ हत्या और हत्या की कोशिश के आरोप दर्ज किए गए हैं। फायरिंग के दौरान सभी स्टूडेंट्स को उनके क्लास रूम में बंद कर दिया गया था। एडमिनिस्ट्रेशन के लोग भी तब तक बाहर नहीं निकले जब तक पुलिस ने उन्हें पूरी हिफाजत का भरोसा नहीं दिला दिया।

#### 800 स्टूडेंट हैं स्कूल में

रिपोर्ट्स के मुताबिक- विरतोला स्कूल फिनलैंड की राजधानी विरतोला से 18 किलोमीटर दूर है। इस स्कूल में 800 स्टूडेंट्स हैं। यह केजी स्टैंडर्ड से ग्रेड 9 तक का स्कूल है।

## स्विट्जरलैंड के स्की रिसॉर्ट में हिमस्खलन से तीन की मौत

जिनेवा। स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट जर्मेट में हिमस्खलन के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट एक फुटेज में ज़र्मट के रिफ़ेलबर्ग सेक्टर में स्थित एक लक्जरी अल्पाइन रिट्रीट के ऑफ-पिस्ट क्षेत्र में हिमस्खलन का प्रकोप दिखाई दे रहा है। हिमस्खलन के मद्देनजर एक बड़ा बचाव अभियान तुरंत शुरू किया गया था, लेकिन पुलिस के अनुसार अभियान को रद्द कर दिया गया था। पुलिस ने पीड़ितों की नागरिकता के बारे में कोई जानकारी दिए बिना मृतकों की संख्या की पुष्टि की है।

## मेक्सिको ने हैती से 34 नागरिकों को निकाला

मेक्सिको सिटी। मैक्सिको ने कैरेबियाई देश हैती में बढ़ती हिंसा के बीच रविवार को वहां से अपने 34 नागरिकों को निकाल लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय और नौसेना के सचिवालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने मेक्सिको लौटने के इच्छुक मैक्सिकन नागरिकों को वापस लाने के लिए एक हेलीकॉप्टर के साथ एक नौसैनिक जहाज का आदेश दिया। निकाले गये इन 24 पुरुषों और 10 महिलाओं को हैती की राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस से हेलीकॉप्टर द्वारा जहाज तक पहुंचाया गया और उन्हें मेक्सिको के दक्षिण-पूर्व युकाटन राज्य में प्रोग्रेसो बंदरगाह की ओर ले जाया गया। जहां से बाद में उन्हें उनके निवास वाले शहरों में ले जाया जाएगा। बयान के अनुसार निकासी अभियान हैती में संगठित अपराध समूहों द्वारा फैलाई गई और हिंसा, भोजन और बुनियादी उत्पादों की कमी, बदहाल आर्थिक स्थिति और सार्वजनिक सेवाओं के बंद होने के कारण बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के जवाब में था। मेक्सिको की विदेश मंत्री एलिसिया बार्सेना ने हैती में संकट का समाधान खोजने के लिए 11 मार्च को जमैका के किंग्स्टन में कैरेबियन समुदाय द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लिया था।

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 32 हजार से अधिक

गाजा। गाजा पट्टी पर हो रहे इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हजार 845 हो गई है। यहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 63 फिलिस्तीनी मारे गये हैं जबकि 94 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय के अनुसार 7 अक्टूबर, 2023 को इज़रायल -हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 32 हजार 845 और घायलों की संख्या 75 हजार 392 हो गई है। इस बीच मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से दक्षिणी गाजा के खान यूनिस शहर में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स को फिर से खोलने का समर्थन करने और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सहायता प्रदान करने का आह्वान किया। मंत्रालय ने सोमवार को एक अलग बयान में कहा कि नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में सेवाओं की कमी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक गंभीर झटका है और विशेष रूप से उत्तरी गाजा पट्टी में बड़ी संख्या इन सेवाओं के नुकसान के बाद मरीजों को चिकित्सीय सेवाओं तक पहुंच से वंचित करती है।

## पाकिस्तान, हमास ने की ईरानी दूतावास पर इजरायली हमले की निंदा

इस्लामाबाद/यरूशलम। पाकिस्तान और फिलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजरायली हमले की निंदा की है, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा, यह हमला सीरिया की सम्प्रभुता के खिलाफ अस्वीकार्य उल्लंघन है और उसकी स्थिरता और सुरक्षा को कमजोर करता है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के प्रावधान के खिलाफ है। गौरतलब है कि ईरान के राजदूत और अन्य सूत्रों का हवाला देते हुए चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि इजरायल ने सोमवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरानी दूतावास को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया, जिसमें एक वरिष्ठ ईरानी कमांडर सहित कम से कम पांच लोग मारे गए। हमले में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पत्रकारों ने हमले के बाद दमिश्क के पश्चिम में माज़ेह राजमार्ग पर स्थित इमारत से धुएं का घना गुब्बार उठते देखा, धमाकों की तेज आवाज सुनायी दी। सीरियाई वायु रक्षा बलों ने मिसाइलों को हवा में ही मार गिराने का प्रयास किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान के पीड़ित परिवारों, लोगों और वहां के सरकार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि राजनयिकों तथा राजनयिक केंद्रों पर किया गया हमला राजनयिक संबंधों पर 1961 के वियना संधि के तहत अनैतिक भी है। मंत्रालय ने कहा, हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल की उग्रता और उसके द्वारा पड़ोसी मुल्कों और विदेशी राजनयिक केंद्र पर गैर कानूनी हमलों पर नकेल कसने की मांग करते हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 2014 के बाद दुनिया में बदली भारत की तस्वीर : योगी

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 2014 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद दुनिया में देश की तस्वीर बदली है और दुनिया अब नये भारत का दर्शन कर रही है।

पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में श्री योगी ने कहा कि 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था। ऐसे में दुनिया ने भारतवासियों को सम्मान देना बंद कर दिया था। वह एक दौर था, जब अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहे थे। युवा पलायन को मजबूर थे। देश में उग्रवाद और नक्सलवाद हावी था। वहीं 2014 के बाद देश की तस्वीर बदल गयी। आज दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है। इसमें सुरक्षा, समृद्धि, नौजवान को रोजगाार और आमजन को आस्था की गारंटी मिल रही है। आज दुनिया में देश का सम्मान बढ़ा है।

योगी ने कहा कि देश और प्रदेश का नौजवान अब पलायन नहीं करता है बल्कि खुद का स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। वहीं भारतवासी गौरव के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। आज हमारी सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं, कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर के राज्यों का उग्रवाद और नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। प्रदेश



में अपराधी-माफिया पस्त और बेटी-व्यापारी सुरक्षित हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। प्रदेश में कर्फ्यू पर पूरी तरह से लगाम लगी है, लेकिन कांवड़ यात्रा धूमधाम से निकल रही है।

उन्होंने कहा कि भारत अपनी विरासत और विकास दोनों में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा के साथ इसे जोड़ने का काम किया है। इतना ही नहीं इको टूरिज्म के बेहतरीन डेस्टिनेशन के लिए पीलीभीत को आगे बढ़ने का कार्य भी सरकार कर रही है।

पीलीभीत में वन्य जीव और मानव के संघर्ष को रोकने के लिए जंगल के बीच में पड़ने वाली किसानों की जमीन के चारों ओर इलेक्ट्रिक फेंसिंग का काम किया गया है। इसके अलावा जंगली जानवरों से किसानों को बचाने और जनहानि को आपदा की श्रेणी में शामिल कर अन्नदाताओं के लिए मुआवजे की व्यवस्था प्रदेश सरकार लागू कर चुकी है।

योगी ने कहा कि यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट और माफिया राज बनाम कानून व्यवस्था के बीच है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में जब देश की बागडोर संभाली तो भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था। उस समय देश को पिछलग्गू देश माना जाता था।

वहीं आज देश पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के मात्र 3 वर्ष में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया जाएगा।

उन्होने कहा कि याद करिए सपा हो या कांग्रेस उनकी पार्टी का अध्यक्ष केवल एक खानदान का ही व्यक्ति हो सकता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सामान्य गरीब परिवार से निकलकर पूरा जीवन देश के लिए समर्पित करने वाले हैं। उनके लिये 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा कार्यकाल को आपने देखा है जब युवाओं के हाथों में रोजगार की जगह तमंचे लहराते थे। हमने युवाओं को टैबलेट देने का काम किया है। प्रदेश में सपा, कांग्रेस और बसपा के लोग आएंगे तो माफिया राज साथ लेकर आएंगे। वहीं बीजेपी कानून के राज में विश्वास करती है। यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल होनी चाहिये यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए, यह कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही हो सकता है।

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश सरकार के मंत्री संजय गंगवार, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, विधान परिषद सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला प्रभारी गुलशन आनंद आदि उपस्थित थे।



केन्द्रीय मंत्री श्री राम दास आठवले जी के कार्यालय में कानूनी सलाहकार। एडवोकेट अरुण बिडलान के पुत्र रक्षित बिडलान को जन्म दिवस की शुभकामनाएं

## शार्ट न्यूज


### संजय सिंह की तरह सभी गिरफ्तार नेता होंगे रिहा

कन्नौज। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह की रिहाई पर खुशी जताते हुए कहा है कि सत्ता के इशारे पर ईडी और सीबीआई के बहाने गिरफ्तार किये जा रहे विपक्ष के सभी नेताओं को धीरे-धीरे अदालतें रिहा कर देगी। कन्नौज में पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुये श्री यादव ने मंगलवार को आप सांसद संजय सिंह को जमानत दिए जाने के सवाल पर कहा मुझे उम्मीद है कि धीरे-धीरे इस देश का न्यायालय सब को रिहा कर देगा और जीत सत्य की होगी। भाजपा ने ईडी,सीबीआई और सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर और दबाव बनाकर चंदा वसूली की है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार इंडिया गठबंधन की एकजुटता से घबराई हुई है। विपक्षी नेताओं पर फर्जी मुकदमें लगाकर बदनाम किया जा रहा है। हम सभी को न्यायपालिका से उम्मीद है। कोर्ट सच का साथ देगा। धीरे-धीरे सभी नेता छूट जायेंगे। भाजपा सरकार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सपा महासचिव मोहम्मद आजम खां और उनके परिवार तथा सपा विधायक इरफान सोलंकी को झूठे मुकदमों में फंसाया है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए द्वेष भावना के चलते इन नेताओं को जेल भेजा है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा के अन्याय और झूठे मुकदमों के खिलाफ मतदान करेगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव भाजपा की चंदा वसूली, बढ़ी हुई मंहगाई, बेरोजगारी के खिलाफ होगा।

### औरैया में बलात्कार के अभियुक्त को उम्रकैद

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले की पाक्सो अदालत ने अनुसूचित जाति की किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपी को दोष सिद्ध होने के बाद उम्रकैद की सजा सुनायी है। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना दिबियापुर क्षेत्र में साढ़े सात वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति की नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने के दोषी विमल यादव निवासी विनुआपुर इंद्रानगर कल्यानपुर कानपुर नगर को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है। दोषी पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यहां यह जानकारी दी। उक्त मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि उक्त मामला थाना दिबियापुर में पंजीकृत किया गया। बादी ने लिखा कि उसकी 16 वर्षीय अनुसूचित जाति की पुत्री 09 अक्टूबर 2016 शाम आठ बजे शौच किया के लिये खेतों की तरफ गयी थी। जब वह रात्रि नौ बजे तक लौटकर नहीं आयी तो परिजन चिन्तित हुए व उसकी तलाश की गई। पता चला कि उसे दोषी विमल यादव बहला-फुसलाकर साथ ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट लिखने के बाद विवेचना की व दोनों की बरामदगी के बाद उस पर एससीएसटी एक्ट, पॉक्सो व दुष्कर्म की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम की कोर्ट में चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने विमल यादव पर अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर के ले जाने जैसा गम्भीर प्रकृति कृत्य करने के लिए कठोर दण्ड देने की बहस की।

### अरुण गोविल ने मेरठ से भरा पर्चा



मेरठ। रामानंद सागर के बहुचर्चित धारावाहिक रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तौर पर लोकसभा चुनाव के लिये मेरठ संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने अरुण गोविल के समर्थन में रोड शो भी किया। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया जिस तरह प्रत्याशी बदल रहे हैं उन्हें पार्टी का नाम अदला-बदला पार्टी रख देना चाहिए। श्री मौर्य ने कहा कि अरुण गोविल ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और गरीब कल्याण के काम का असर ज़मीन पर है। जनता का भरोसा मोदी जी पर क़ायम है और भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट और पूरे देश में 400 सीट जीतने का लक्ष्य प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के मुक़ाबले में कोई पार्टी नहीं है। विपक्ष कहीं है ही नहीं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस में आपस में ही घमासान है। हमारी तैयारी 2024 से लेकर 2047 तक के लिए है। 2047 तक विपक्षी दलों के नेता बेरोज़गार रहने वाले हैं। श्री मौर्य ने कहा कि काशी विश्वनाथ के बाद रिकॉर्ड जीत का रिकॉर्ड मेरठ से बनना चाहिए। सभी कर्ताधर्ता जिनके कंधों पर 26 अप्रैल का भार है वह सभी अभी से जुट जाएं।

# कुमारी सैलजा जी के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल हुई आप नेता शीतल मान

## आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल मान ने दिया इस्तीफा

ललित कुमार

बहादुरगढ़। आम आदमी पार्टी का आज उस वक्त बड़ा झटका लगा जब महिला प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल मान ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की महासचिव कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता को अपना त्यागपत्र भेजने के बाद शीतल मान ने अपने समर्थकों से बातचीत करने के बाद कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया।

उन्होंने दिल्ली में इस सिलसिले में कुमारी सैलजा से मुलाकात कर उनकी अगुवाई में जनहित के मुद्दों को लेकर आगे की लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। कुमारी सैलजा ने शीतल मान को कांग्रेस पार्टी में पूरा मान सम्मान देने की बात कहते हुए इसे घर वापसी करार दिया। ज्ञात रहे कि आम आदमी पार्टी में जाने से पहले शीतल मान



2004 से 2008 तक युवा कांग्रेस व 2018 से 2021 तक प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव रह चुकी हैं और उनकी छवि जुझारू और ऊर्जावान कार्यकर्ता की रही है।

शीतल मान ने इस मौके पर कहा कि आज देश भयंकर संकट के दौर से गुजर रहा है। किसान- मजदूर, महिला, युवा समेत सभी वर्ग सरकार का उत्पीड़न झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही जनविरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंक सकती है। इसलिए उन्होंने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड्गे की नीतियों से प्रभावित होकर 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने का फैसला लिया है।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने महिला न्याय गारंटी तहत कांग्रेस 5 घोषणाएं की हैं जिसमें महालक्ष्मी गारंटी के तहत हर गरीब परिवार की एक-एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। आधी आबादी पूरा हक के मद्देनजर केंद्र सरकार के स्तर पर होने वाली आधी नई भर्तियों पर महिलाओं का अधिकार होगा।

शीतल मान ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर आंगनवाड़ी, आशा और मिड डे मील कार्यकर्ताओं की मासिक आय में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनकी मदद के लिए हर पंचायत में एक पैरालीगल की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ जिला मुख्यालयों पर कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक छात्रावास का निर्माण करेगी।

देशभर में इन हॉस्टलों की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन घोषणाओं को लेकर महिलाओं में बड़ा उत्साह है और लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन को बड़ा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी वे उसको पूरी निष्ठा से निभायेंगी।

# महिला-नेतृत्व वाली परियोजना इस शब्द से मुझे नफरत है : भूमि पेडनेकर

बॉलीवुड स्टार भूमि पेडनेकर को आज भारतीय सिनेमा में सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है। अपने ब्रांड के सिनेमा के माध्यम से, भूमि ने भारत की उल्लेखनीय रूप से आगे की सोच वाली महिलाओं को पेश किया है जो महत्वाकांक्षी, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, स्वतंत्र और स्वतंत्र सोच वाली हैं।

भूमि को महिला-नेतृत्व वाली परियोजनाओं शब्द से नफरत है, जिसका उपयोग हमारे देश में महिला कलाकारों द्वारा सुर्खियों में आने वाले कंटेंट को लेबल करने के लिए किया जाता है क्योंकि कोई भी अन्यथा वर्णन करने के लिए पुरुष-नेतृत्व वाली परियोजनाओं शब्द का उपयोग नहीं करता है।

भूमि कहती हैं, यह एक गलत धारणा है कि लोग महिलाओं द्वारा सुर्खियों में आने वाली फिल्में या कंटेंट देखने के लिए तुरंत आकर्षित नहीं होते हैं। ऐसी परियोजनाओं को तुरंत महिला-नेतृत्व वाली परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यह एक कष्टप्रद शब्द है और मैं दिल से इससे नफरत करती हूँ।

लिंग लोगों की देखने की पसंद को परिभाषित नहीं करता है। दर्शक अच्छा



सिनेमा, अच्छा कंटेंट देखना चाहते हैं. वे लिंग के आधार पर इसे देखना पसंद नहीं कर रहे हैं। यह हास्यास्पद है।

भूमि आगे कहती हैं, अगर ऐसा होता, तो मैं बच नहीं पाती और मैंने स्क्रीन पर उल्लेखनीय रूप से मजबूत महिलाओं का किरदार निभाकर अपना करियर बनाया है!

मैं भाग्यशाली रही क्योंकि मैंने उस समय काम करना शुरू किया जब सिनेमा के लिए महिला किरदार लिखे जा रहे थे। मेरे लिए लेखक समर्थित भूमिकाएँ लिखी गईं। मैं भाग्यशाली थी कि निर्देशकों को मेरा अभिनय पसंद आया और उन्होंने मुझे इन अविश्वसनीय रूप से खूबसूरत परियोजनाओं में से कुछ में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना, जिन्होंने महिलाओं को परिवर्तन के आवाज के रूप में दिखाया।

# जियो सिनेमा के बजाओ में तनुज विरवानी का अविश्वसनीय प्रदर्शन

मुंबई (अनिल बेदाग)। तनुज विरवानी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति हैं और जहां तक रचनात्मक संतुष्टि का सवाल है, वह निश्चित रूप से एक अच्छी और सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति हैं। उनकी वर्तमान फिल्म योद्धा वास्तव में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और तनुज की भूमिका को व्यापक रूप से सराहा गया है।उन्होंने योद्धा टास्क फोर्स के नेता के रूप में एक सम्मानित सैन्यकर्मी की भूमिका निभाई और कोई आश्चर्य नहीं, यह उनके प्रशंसकों के लिए बेहद खुशी की बात थी।इस तथ्य को देखते हुए कि उनकी पिछली कुछ परियोजनाएं, चाहे वह ओटीटी पर हों या फिल्मों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन



किया है, उनकी ओर से उम्मीदें बहुत अधिक हैं जबकि योद्धा वर्तमान में सारी लाइमलाइट चुरा रहा है।

कोई इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता है कि तनुज भी अपने जियो सिनेमा प्रोजेक्ट बजाओ में समान रूप से अद्भुत और अविश्वसनीय थे जबकि आलोचकों की प्रशंसा और प्रशंसकों का प्यार उन्हें बजाओ के लिए बहुत पहले ही मिल चुका था।

# झज्जर पहुंचे अभय सिंह चौटाला, विपक्षी पार्टियों पर जमकर बरसे

ललित कुमार

लोकसभा चुनाव को लेकर झज्जर जिले के इनेलो पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के लिए इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा मंगलवार को झज्जर पहुंचे। इस दौरान दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया।इस अवसर पर नरेश शर्मा भी भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसे उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता इसका फैसला जरूर करेगी।

इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव



को मजबूती से लड़ा जाएगा। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी हरियाणा में इनेलो की सरकार होगी ।

झज्जर और रोहतक पार्टी इकाइयों ने प्रस्ताव पास करके दिया है कि रोहतक लोकसभा सीट से पार्टी का टिकट स्वर्गीय चौधरी नफे सिंह राठी के परिवार में दिया जाए, जिसे लेकर रोहतक और झज्जर पार्टी इकाई के कार्यकर्ताओं की भावना और प्रस्ताव को इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला के सामने रखा जाएगा। ओम प्रकाश चौटाला को ही फैसला लेना है। नफे सिंह राठी हत्याकांड को लेकर होगा आंदोलन बाद में पत्रकारों से वार्ता के दौरान, नफे सिंह राठी हत्याकांड में परिवार को इंसाफ नहीं मिलने पर अभय सिंह चौटाला ने पुलिस प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर एक सप्ताह भर में झज्जर जिला प्रशासन नफे सिंह राठी के हत्यारों और हत्या के साजिश कर्ताओं को गिरफ्तार नहीं किया गया तो इनेलों कार्यकर्ता एक दिन के लिए बहादुरगढ़ शहर को बंद करने का काम करेंगे। अगर फिर भी पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो एक दिन के लिए झज्जर शहर को भी बंद किया जाएगा। इसके बाद डीसी और एसपी के कार्यालय और आवास का घेराव किया जाएगा।

भाजपा प्रत्याशी रणजीत चौटाला द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के सवाल पर अभय सिंह चौटाला ने कहा कि, चिंता ना करो ब्राह्मण की याददाश्त बहुत अच्छी होती है समय आने पर तसल्ली बैठा देंगे।

# ओएनजीसी और सफदरजंग अस्पताल ने महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण हासिल करने के लिए साझेदारी की

नई दिल्ली। भारत की शीर्ष ऊर्जा महारत्न, तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी), एक प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के माध्यम से समाज की भलाई के लिए अपने समर्पण को दोहराती है। ओएनजीसी ने अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण और सुविधाएं प्रदान करके नई दिल्ली की शीर्ष चिकित्सा सुविधा सफदरजंग अस्पताल में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

ओएनजीसी और सफदरजंग अस्पताल ने महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण हासिल करने के लिए साझेदारी की है, जिसमें PHACO इमल्सीफिकेशन सिस्टम, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, अल्ट्रासाउंड मशीन, इलेक्ट्रॉनिक बेड, आरओ प्लांट, वॉटर एटीएम, वेन व्यूअर्स, पोर्टेबल मॉनिटर, व्हीलचेयर और ट्रॉलियां शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण योगदान का लक्ष्य समग्र



स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार करना और मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा उपचार प्रदान करने की अस्पताल की क्षमता में वृद्धि करना है।

आधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए जाते हैं, जो पूरे समुदायों में सस्ती, प्रथम श्रेणी की स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए ओएनजीसी की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। प्रो. (डॉ.) वंदना तलवार, चिकित्सा अधीक्षक एस.जे.एच. ने योगदान किए गए प्रत्येक उपकरण के महत्व और व्यापक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि ट्रॉली बेड मरीजों के साथ-साथ मेडिकल स्टाफ के लिए भी बहुत मददगार होगा, जिससे उनका काम आसान हो जाएगा, और यह सुनिश्चित करने के लिए आरओ प्लांट का महत्व कैसे है कि हर किसी को स्वच्छ पानी मिले, जो एक मौलिक मानव है सही।

PHACO इमल्सीफिकेशन प्रणाली एक उन्नत सर्जिकल उपकरण है जो मोतियाबिंद प्रक्रियाओं को सटीक रूप से निष्पादित करने और मोतियाबिंद के रोगियों को उनकी दृष्टि वापस पाने में मदद करने के लिए आवश्यक है। पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन को सटीक निदान, रोगी की देखभाल और सुविज्ञ चिकित्सा निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है। मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के अलावा, ओएनजीसी के योगदान से चिकित्सकों और कर्मचारियों की उत्पादकता में वृद्धि हुई है।

ओएनजीसी के मानव संसाधन निदेशक श्री मनीष पाटिल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

परियोजना के बारे में बोलते हुए, ओएनजीसी के मानव संसाधन निदेशक, श्री मनीष पाटिल ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली सामुदायिक कल्याण का समर्थन करती है और सफदरजंग अस्पताल के साथ यह साझेदारी समाज की भलाई के लिए संसाधनों का उपयोग करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सीएसआर गतिविधि के द्वारा, यह हमारे समाज में चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा देता है जिससे स्वास्थ्य सेवा अधिक सुलभ हो जाती है। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक चीफ सीएसआर श्री ए.पी. सिंह, श्री डबाशीष मुखर्जी, ओएनजीसी फाउंडेशन के सीईओ श्री सी.एस. राभा और डॉ. राजीव यादव भी उपस्थित थे।

सफदरजंग अस्पताल, एक प्रसिद्ध स्वास्थ्य सुविधा, चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले अनगिनत व्यक्तियों के लिए जीवन रेखा के रूप में कार्य करता है। ओएनजीसी के उदार समर्थन से संभव हुआ आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं का समावेश, निस्संदेह विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य स्थितियों के निदान और उपचार में अस्पताल की क्षमताओं को बढ़ाएगा।

# 50वें इंडिया जेम एंड ज्वैलरी अवार्ड्स जीजेईपीसी के लिए गौरवपूर्ण मील का पत्थर : मुकेश अंबानी

मुंबई (अनिल बेदाग)। 1974 में अपनी स्थापना के बाद से, आईजीजेए रत्न और आभूषण उद्योग में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, जो उद्यमशीलता की भावना और नवाचार को पहचानता है जो उद्योग को आगे बढ़ाता है। हर साल आईजीजेए रत्न और आभूषण क्षेत्र में उपलब्धि के शिखर को प्रदर्शित करते हुए सर्वश्रेष्ठ को सम्मानित करता है। यह प्रतिष्ठित समारोह उन कंपनियों और भागीदारों का जश्न मनाता है जिनके योगदान ने उद्योग को निर्यात उत्कृष्टता का एक चमकदार उदाहरण बना दिया है। आईजीजेए पिछले कुछ वर्षों में सामाजिक जिम्मेदारी, नवाचार और उद्यमिता सहित नई श्रेणियों को अपनाने के लिए विकसित हुआ है, जो हमारे उद्योग की गतिशील प्रकृति को दर्शाता है।

रमेश बैस, मा. महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल, इस शानदार पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि थे और बिजनेस टाइकून श्री मुकेश अंबानी




(अध्यक्ष और एमडी, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड) जीजेईपीसी के आईजीजे अवार्ड्स के 50वें संस्करण में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। जीजेईपीसी का प्रतिनिधित्व कर रहे थे श्री विपुल शाह, अध्यक्ष, जीजेईपीसी; श्री किरीट भंसाली, उपाध्यक्ष, जीजेईपीसी; श्री अनूप मेहता, अध्यक्ष, भारत डायमंड बोर्स; श्री मिलन चोकशी, संयोजक, प्रचार एवं विपणन, जीजेईपीसी; और श्री सब्यसाची रे, कार्यकारी निदेशक, जीजेईपीसी। श्रीराम नटराजन (प्रबंध निदेशक, जीआईए इंडिया) भी भारत के रत्न और आभूषण निर्यात उद्योग के दिग्गजों, कप्तानों और दिग्गजों के साथ उपस्थित थे। रमेश बैस, मा. महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल ने कहा, मुझे यह जानकर खुशी हुई कि रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) 30 मार्च 2024 को मुंबई में भारत रत्न और आभूषण पुरस्कार समारोह का आयोजन कर रही है। भारतीय रत्न और आभूषण उद्योग में 7 यह भारत के सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत है और 5 मिलियन से अधिक कुशल और अर्ध-कुशल कार्यबल को रोजगार देता है।